ज्ञानामृत

दूब की तरह छोटे बनकर रहो। जब घास-पात जल जाते हैं तब भी दूब जस की तस बनी रहती है।

▶▶ गुरु नानक

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 89 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 2.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाये सेना: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक



और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है। सिंह ने गुरूवार को यहां सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा, " वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी। हाइब्रिड युद्ध सहित अपरंपरागत और असममित युद्ध भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के



जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुराजत उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाए।

### ईपीएफओ में दावा निपटान के लिए चेक प्रति की आवश्यकता नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन(ईपीएफओ) ने दावा निपटान प्रक्रिया को सरल बनाते हुए चेक लीफ या बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।इसके अलावा यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) के साथ बैंक खाता विवरण जोड़ने के लिए नियोक्ता की मंजूरी की




आवश्यकता नहीं होगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि ईपीएफ सदस्यों के लिए जीवनयापन की सुगमता और नियोक्ताओं के लिए व्यवसाय को आसान बनाने की दिशा में ईपीएफओ ने अपनी दावा निपटान प्रक्रिया में दो प्रमुख सुधार किए हैं। इन उपायों से दावा निपटान की प्रि या में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और दावा खारिज होने से संबंधित शिकायतों में भी कमी आएगी। यहां बता दें कि केंद्र सरकार कर्मचारियों के हित में लगातार काम कर रही है।

### शेयर बाजार लाल निशान पर बंद, सेंसेक्स 300 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से भारत पर 27% जवाबी टैरिफ लगाने के फैसले पर भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों ने गुरुवार को सधी हुई प्रतिक्रिया दी। शुरुआती कारोबार में 800 अंकों तक की गिरावट के बावजूद



बेंचमार्क सूचकांक बहुत हद तक रिकवर कर लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 322.08 (0.42%) अंक टूटकर 76,295.36 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 82.25 (0.35%) अंकों की गिरावट के साथ 23,250.10 के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत सहित दुनिया भर के करीब 60 देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में 10 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई।

छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# स्वस्थ तन-मन के लिए योग को करें अपनी दिनचर्या में शामिल : सीएम साय

**विजय मत, रायपुर**

योग आत्मा, मन और शरीर को संतुलित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्वपटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विधा को अपनाकर आरोग्य की प्राप्ति कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के पदभार ग्रहण हेतु अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामयी समारोह में मुख्यमंत्री साय ने संतों का अभिवादन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री साय ने योग आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिन्हा को छत्तीसगढ़ को जोड़ने और स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जनसेवा को समर्पित उनका



सामाजिक जीवन और सांगठनिक दायित्वों के लंबे अनुभव का लाभ योग आयोग के साथ ही प्रदेशवासियों को भी मिलेगा। 2017 में स्थापित योग आयोग की अब तक की यात्रा शानदार रही है और सिन्हा के नेतृत्व में यह नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग सभी के लिए है और सभी को जोड़ने का काम करता है। संगठन में काम करते हुए सदैव मैंने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है और आज मुझे योग आयोग के माध्यम से सभी को जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। सिन्हा ने कहा कि प्रकृति में अनेक महत्वपूर्ण संपदाएं उपलब्ध हैं, परंतु इनमें सर्वश्रेष्ठ मानव संपदा है। मुख्यमंत्री जी ने मुझे मानव संपदा को स्वस्थ रखने का जिम्मा सौंपा है और इसे पूरा करने के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। हमारे प्रधानमंत्री जी नियमित योग करते हैं। उनकी ऊर्जा और कार्यक्षमता से आज सारी दुनिया वाकिफ है। सिन्हा ने योग की विश्वव्यापी लोकप्रियता और प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की प्राचीन विधा योग को विश्वपटल पर किया स्थापित

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत में योग ऋषि-मुनियों की देन है और वे इस सुंदर परंपरा के संवाहक भी हैं। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही योग रूपी इस चेतना का विश्वभर में विस्तार हुआ और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को मान्यता दी। साय ने कहा कि योग विश्वभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ तन-मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और भावी पीढ़ी को योग से जोड़कर इसका महत्व समझाना चाहिए।

# रायपुर-जबलपुर बायपास में कार से पकड़ाई 3 करोड़ की ज्वेलरी और 8 लाख कैश, जब्त

## कार में मौजूद संदिग्ध नहीं दे पाए कोई दस्तावेज, अब आयकर विभाग करेगा जांच

**विजय मत, ब्यूरो कबीरधाम**

जिले में एक कार से 3 करोड़ की ज्वेलरी और 8 लाख नगद मिला है। बुधवार रात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक कार को रुकवाकर जांच की तो उसमें 2 लोग सवार थे और गाड़ी के पीछे बड़ी मात्रा में सोना और कैश रखे हुए थे। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। संदिग्ध व्यक्ति के पास वैध दस्तावेज नहीं होने से पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिया। जब्त सोने की कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है। वहीं कार में मौजूद 2 संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दोनों रायपुर के रहने वाले हैं।

इस बारे में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया, सूचना मिली थी कि रायपुर से कवर्धा की ओर आ रहे एक सफेद रंग की कार में करोड़ों का सोना



व नगदी मौजूद हैं, पुलिस की टीम ने रायपुर-जबलपुर बायपास में संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। बताया जा रहा है कि संदिग्धों ने यह ज्वेलरी कवर्धा के सराफा दुकान में बेचने के लिए आया था। हालांकि, सेल्समैन अब तक सोने का ओरिजिनल बिल और जीएसटी बिल पुलिस के सामने पेश नहीं कर पाया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### आयकर विभाग को दी सूचना

मामले में कार्रवाई करते हुए धारा 106 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस इस मामले की सूचना आयकर विभाग और राज्य कर (जीएसटी) को भी दे रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह मामला अघोषित संपत्ति, कर चोरी या हवाला लेन-देन से तो जुड़ा नहीं है। यह पूरी कार्रवाई एसपी धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में हुई।

**दोनों संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी...** कार से करीब करोड़ों रुपए के सोने का आभूषण, चैन, अंगूठी, चुड़ी, नेकलेस और 8.40 लाख रुपए बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत दोनों संदिग्ध को हिरासत में लिया और कोतवाली थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी। संदिग्ध द्वारा वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाने के कारण पुलिस ने सोना नगदी समेत कार को जब्त कर लिया है।



**विजय मत, रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में विभिन्न मंडल एवं निगमों के नव नियुक्त अध्यक्षों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने उन्हें उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन (नागरिक आपूर्ति) अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन लिमिटेड अध्यक्ष दीपक महस्के एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव उपस्थित थे।

# भिलाईः सीबीआई ने फिर दी दबिश, विधायक देवेंद्र के प्रतिनिधि के घर का खींचा फोटो

**विजय मत, ब्यूरो भिलाई।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम गुरुवार को भिलाई में एक बार फिर दबिश दी। टीम के सदस्यों ने खुर्सीपार निवासी भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के प्रतिनिधि भोलू श्रीवास्तव के घर पर छापा मारा। लेकिन घर पर ताला लटका मिला, इसलिए वे घर की तस्वीरें लेने के बाद लौट गए। बताते चलें कि, महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में सीबीआई की टीम लगातार दुर्ग और रायपुर के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गुरुवार सुबह सीबीआई की टीम भिलाई नगर विधायक के प्रतिनिधि राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव के घर पहुंची। टीम में सुरक्षा कर्मी और कई अधिकारी थे। टीम के अधिकारी गाड़ी से उतरे तो भोलू श्रीवास्तव के घर पर ताला लगा हुआ था। टीम ने न तो पड़ोसियों से कुछ पूछा और न ही घर में कोई नोटिस चस्पा किया। फोटो वीडियोग्राफी करने के बाद पूरी टीम वापस लौट गई। बता दें, भोलू श्रीवास्तव, विधायक देवेंद्र यादव के काफी करीबी हैं। वो भिलाई नगर निगम की सामान्य सभा और बजट बैठक में विधायक प्रतिनिधि के रूप में शामिल होते रहे हैं। जिस समय सीबीआई की टीम वहां पहुंची उनके साथ लोकल पुलिस भी मौजूद रही।

# चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई और विदेश सचिव चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे हैः राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्त्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बीती 1 अप्रैल को भारत-चीन संबंधों के 75 साल पूरे होने पर भारत में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

जजों की बैठक में लिया गया अहम फैसला

# सुको के न्यायाधीश सार्वजनिक करेंगे अपनी संपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**


सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। शीर्ष अदालत में हुई न्यायाधीशों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित 30 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्तियों को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक एक अप्रैल को हुई बैठक में जजों ने संकल्प लिया कि न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी। अब तक 1997 के एक प्रस्ताव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी होती थी। 2009 के एक निर्णय में न्यायालय की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा के स्वैच्छिक प्रकाशन की अनुमति दी गई थी, लेकिन सभी न्यायाधीशों ने ऐसा करने का विकल्प नहीं चुना।



अब सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक करने पर सहमति जताई। जिन न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा कर दी है, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। घोषणाओं का पूरा सेट सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

# आज रायपुर आएंगे गृहमंत्री अमित शाह कल लेंगे उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**विजय मत, रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वे बस्तर पंडुम के समापन समारोह में शामिल होंगे। साथ ही दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी के दर्शन करने भी जाएंगे। इसके बाद शाह रायपुर में पुलिस और सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक भी लेंगे। गृहमंत्री अमित शाह का मिनट 2 मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। गृहमंत्री शाह शुक्रवार शाम 7.30 बजे राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। दूसरे दिन 5 अप्रैल को माता दंतेश्वरी के दर्शन पूजन के बाद



दंतेवाड़ा सर्किट हाउस जायेंगे। वे दोपहर डेढ़ से तीन बजे तक बस्तर पंडूम समापन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद दंतेवाड़ा से जगदलपुर होते हुए शाम पांच बजे राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। जहां पर अमित शाह उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। पुलिस के अलावा सहकारिता विभाग की बैठक लेंगे। बैठक के गृहमंत्री अमित शाह 7.45 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

**विजय मत एंकर** स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग बन रहा बच्चों में वर्चुअल ऑटिज्म का कारण

# बच्चों की सेहत के लिए खतरा बन रही मोबाइल और स्क्रीन की लत

**बरेली, एजेंसी**

स्मार्टफोन, जिसे लोग अपनी रोजमर्रा की ज़िंदगी में इस्तेमाल करते हैं, बच्चों के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकता है। आजकल बच्चों के हाथ में 24 घंटे स्मार्टफोन रहता है, जिससे उनका अधिकांश समय मोबाइल पर रील्स देखने में गुजरता है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बच्चा मोबाइल के बिना खाना भी नहीं खाता। इस आदत के चलते बच्चों में कई शारीरिक और मानसिक समस्याएं देखने को मिल रही हैं। जिला अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में इस प्रकार के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मोबाइल और स्क्रीन की लत के कारण बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है, और उनके ऑटिज्म जैसे लक्षण भी दिखाई देने लगे हैं, जिसे 'वर्चुअल ऑटिज्म' कहा जाता है। वर्चुअल ऑटिज्म एक ऐसी स्थिति है, जो आमतौर पर 3 से 7 साल के बच्चों में देखने को मिलती है। आजकल, माता-पिता कम उम्र में ही बच्चों को मोबाइल फोन दे देते हैं, लेकिन यह आदत बच्चों के मानसिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। ऐसे बच्चों की उम्र 5 से 10 साल के बीच होती है, और अगर इसका सही समय पर इलाज न किया जाए तो यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।



### बच्चों में बढ़ रहे वर्चुअल ऑटिज्म के लक्षण

मनोचिकित्सक डॉ. आशीष के अनुसार, जब बच्चों का स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ जाता है, तो उनका मानसिक विकास रुकने लगता है। इस स्थिति को 'वर्चुअल ऑटिज्म' कहते हैं, और अब यह समस्या बच्चों में काफी बढ़ गई है। डॉ. आशीष ने बताया कि 50 में से 40 बच्चों में वर्चुअल ऑटिज्म के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, और इनमें से कुछ बच्चे गंभीर ऑटिज्म से भी प्रभावित हो रहे हैं।

### बच्चों में वर्चुअल ऑटिज़्म से बचाव के उपाय


इस समस्या से बचने के लिए कुछ आसान उपाय किए जा सकते हैं। सबसे पहले, बच्चों के स्क्रीन टाइम को सीमित करें। बच्चे के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं और उन्हें किताबों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। छोटे बच्चों को पिक्चर बुक दें, जिससे वे फोन से दूर रह सकें। इसके अलावा, बच्चों को पार्क में ले जाकर उनके साथ खेलकूद करें और यह सुनिश्चित करें कि बच्चा अपनी पूरी नींद ले।

ट्रंप की घोषणा और आधिकारिक आदेश में दर अलग-अलग

# अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं 27 प्रतिशत का टैरिफ लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं बल्कि 27 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक आदेश इसकी पुष्टि करता है। इससे पहले टैरिफ के एलान के वक्त ट्रंप जिस तख्ती के साथ मीडिया के सामने आए थे। उस पर भारत के लिए 26प्रतिशत टैरिफ का जिक्र था। लेकिन ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक आदेश में भारत के लिए 27प्रतिशत टैरिफ की बात कही गई है। भारत पर बोलते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई दिल्ली की ओर से जाने वाले टैरिफ को बहुत, बहुत कठोर बताया।



उन्होंने कहा, उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) अभी-अभी (हाल ही में अमेरिका से) गए हैं... वे मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा कि आप मेरे दोस्त हैं, लेकिन आप हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे इसका आधा शुल्क लेंगे- 26 प्रतिशत। यह फैसला लेना बहुत कठिन रहा। हालांकि, जब ट्रंप की ओर से जारी टैरिफ चार्ट में भारत की टैरिफ दर 26 प्रतिशत बताए जाने से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि व्हाइट हाउस के आधिकारिक आदेश में 27 प्रतिशत टैरिफ की बात कही गई थी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अवैध कच्ची शराब पर उरगा पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

कोरबा। कोरबा जिले में अवैध कच्ची शराब की बिक्री को लेकर पुलिस समय-समय पर कार्यवाही करती रही है। इसी कड़ी में उरगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरसवानी मेनपारा से 800 लीटर से अधिक कच्ची शराब के साथ शराब बनाने की सामग्री और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम फरसवानी में अवैध कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है। शिकायत के आधार पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने ग्राम में छापा मारा और शराब बनाने की सामग्री के साथ भारी मात्रा में कच्ची शराब जब्त की। इस कार्यवाही के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि विवेचना के बाद अन्य आरोपियों की संख्या और संलिप्तता का खुलासा हो सकेगा।

### देवेश को आईआईटी मद्रास (चेन्नई) में मिली पीएचडी की उपाधि

कोरबा। जिले के रजगामार निवासी और छात्र देवेश कुमार जायसवाल ने जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है जो केन्द्रीय विद्यालय बालको के छात्र रहे हैं। जिन्होंने इटली में आयोजित कांफ्रेंस में भी हिस्सा लिया। वर्तमान में वे आईआईटी मद्रास में ही डॉक्टरेट रिसर्च असिस्टेंट के पद पर आगे की रिसर्च की तैयारी कर रहे हैं।एसईसीएल कोरबा पूर्व अंतर्गत रजगामार में निवासरत डॉ. देवेश कुमार जायसवाल ने आईआईटी मद्रास (चेन्नई) में अर्थक्वेक इंजीनियरिंग (सिविल) में पीएचडी की पढ़ाई पूरी करते हुए सबसे कम समय 4 वर्ष 3 माह में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। इस दौरान देवेश वर्ष 2024 इटली में आयोजित 18वें वर्ल्ड कान्फ्रेंस ऑन अर्थक्वेक इंजीनियरिंग (डब्ल्यूसीईई 2024) इटली में सम्मिलित हुए थे। वर्ष 2023 में न्यूजीलैंड शहर के ऑकलैंड में आयोजित एनजेडएसईई 2023 कान्फ्रेंस में भी शामिल हुए। डॉ. देवेश कुमार जायसवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर रजगामार से करने पश्चात् आगे की पढ़ाई केन्द्रीय विद्यालय बालको से की है। आईटी कोरबा से बीटेक की डिग्री और आईआईटी भुवनेश्वर से मास्टर (एमटेक) की डिग्री 2020 में प्राप्त की। देवेश एसईसीएल रजगामार से सेवानिवृत्त नवधा लाल जायसवाल के छोटे पुत्र और जीवन जायसवाल, डीके जायसवाल रजगामार के छोटे भाई है। डॉ. देवेश कुमार जायसवाल ने परिवार तथा समाज को गौरवान्वित किया है। सर्ववर्गीय जायसवाल समाज ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ. देवेश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है। वर्तमान में डॉ. देवेश कुमार जायसवाल आईआईटी मद्रास (चेन्नई) में ही डॉक्टरेट रिसर्च असिस्टेंट के पद पर आगे की रिसर्च की तैयारी कर रहे हैं। डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के दौरान उनके मार्गदर्शक डॉ. सीवीआर मूर्ति का सहयोग मिला।

### सूरजपुर पुलिस ने साइबर फ्राड म्यूल अकाउन्ट मामले में 2 और आरोपी को किया गिरफ्तार

सूरजपुर। सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठग म्यूल अकाउन्ट के नेटवर्क में शामिल आरोपियों को लगातार दबिश देकर गिरफ्तार करने में लगी हुई है। इस मामले में अब तक कुल 8 लोगों को पकड़ा गया है जो साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड और मोबाईल सीम उपलब्ध कराकर उनकी मदद करते थे। पकड़े गए आरोपियों के खातों से 10 लाख 38 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी सामने आई है।

पैसा का लालच देकर साइबर म्यूल अकाउन्ट ठग लोगों का बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और मोबाईल सीम लेकर ठगी की रकम दूसरों के खातों में ट्रांसफर कर रकम आहरण कर धोखाधड़ी को अंजाम देने के मामले में थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 150/25 धारा 413, 420, 120बी भादस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और पूर्व में 6 आरोपी सौरभ साहू, अमन साहू, आनंद कुमार साहू, विशाल साहू, सूर्या सोनवानी व सूरज दिवान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था।

बस्तर सहित अन्य जिलों के मिलरों को कस्टम मिलिंग का सौंपा गया है काम, मिलर नहीं ले रहे दिलचस्पी

# संभाग के सातों जिलों में डेढ़ लाख क्विंटल से ज्यादा धान जाम, कस्टम मिलिंग में इस साल भी देरी

विजय मत, जगदलपुर।

जगदलपुर। धान खरीदी को दो माह बीत जाने के बाद भी धान उठाव का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। संभाग संग्रहण केन्द्रों में समय धान खुले में पड़ा हुआ है। लेम्पस प्रभारियों को सुखती की चिंता हो रही है, वहीं धान के रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था में अतिरिक्त राशि व्यय हो रहा है। दूसरी तरफ कस्टम मिलिंग का कार्य भी धीमा चल रहा है। जिसके चलते मिलर्स धान उठाव समय पर पूर्ण नहीं कर रहे हैं। संभाग के केंद्रों में 1 लाख 63 हजार क्विंटल धान खुले में रखा है। वर्तमान में बस्तर जिले में 2,76,071 क्विंटल धान, बीजापुर में 1,19,788 क्विंटल धान, दंतेवाड़ा में 33,431 क्विंटल धान, कांकेर में 5,31,429 क्विंटल धान, कोण्डागांव में 3,12,481 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है।



जगदलपुर में धान खरीदी के बाद, केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। धान उठाव में देरी का मुख्य कारण प्रशासनिक लापरवाही है। समय पर परिवहन नहीं होने के कारण केंद्रों में दो माह बाद भी धान का भंडारण है। यदि शीघ्र ही उठाव की प्रक्रिया तेज नहीं हुई, तो धान सुखती का भार फिर केन्द्र प्रभारियों पर पड़ेगा।

#### कस्टम मिलिंग में देरी

#### पिछले सत्र का धान सरकार नीलाम करने की तैयारी में

पिछले खरीदी सत्र का धान भी बस्तर से उठ नहीं पाया है। इस वजह से अब उसे सरकार नीलाम करने की तैयारी में है। इस प्रक्रिया में सरकार को घाटा होना तय है। इसके बावजूद मौजूदा सत्र के धान के उठाव को लेकर सख्ती नहीं बरती जा रही है। धान केंद्रों से धान का उठाव नहीं होना हर साल की समस्या बन चुकी है। मिलर्स अपने हिसाब से उठाव करते हैं जबकि सरकार ने इस काम का जिम्मा उन्हें सौंपा हुआ है। बावजूद वे इस काम में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

#### सरकार नुकसान झेल रही पर कार्रवाई नहीं कर रही

राज्य सरकार हर साल उठाव में देरी की वजह से करोड़ों का नुकसान झेल रही है। इसके बावजूद मिलरों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस काम में शामिल प्रशासनिक अधिकारी भी मनमानी पर उतारू हैं। केंद्र और लैम्पस प्रभारियों के मत्थे ही सारी परेशानी डाली जा रही है। सूखती से होने वाले नुकसान का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है बावजूद इसके कार्रवाई किसी पर नहीं की जा रही है।

#### हर साल की समस्या

मार्कफेड की ओर से अल्टीमेटम दिया गया था कि कस्टम मिलिंग के लिए शीघ्र उठाव किया जाए, लेकिन इसमें लगातार देरी हो रही है।

इससे धान खुले में पड़े रहने से खराब होने की आशंका बनी हुई है।बस्तर सहित अन्य जिलों के मिलरों को उठाव के लिए दायित्व सौंपा गया था।

इधर केन्द्र और लेम्पस प्रभारियों ने समय पर धान उठाव पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्था पर सवाल उठाया है।

### दल्लीराजहरा में बिहार के मजदूर की मौत

दल्लीराजहरा। बीएसपी माइंस से अधिकृत श्री जगन्नाथ पैलेट प्लांट में 50 फीट ऊंचाई से गिरकर बिहार के एक मजदूर की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम की है। बताया जा रहा है कि श्रवण कुमार 42 वर्षीय को सुरक्षा बेल्ट पहनने की जानकारी नहीं थी। वह फेब्रिकेशन का कार्य कर रहा था और ऊंचाई पर काम करते समय फिसलकर नीचे गिर गया।बीएसपी माइंस से संबंधित फर्म जगन्नाथ स्टील द्वारा पैलेट प्लांट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। गुरुवार दोपहर के समय प्लांट के ऊपरी हिस्से में फेब्रिकेशन का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान ऊंचाई पर काम कर रहा एक मजदूर फिसल कर नीचे गिर गया। कुछ घंटे बाद इस मजदूर की मौत हो गई।काफी ऊंचाई से गिरने के कारण मजदूर को गंभीर चोट आई थी। उसे पहले ज्योति अस्पताल चिखलाकसा ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे वापस भेजा गया, किंतु अंदरूनी चोट होने के कारण वापस ले जाने के दौरान उसकी स्थिति खराब होती देख रास्ते में शहीद अस्पताल में उसे पुनः दिखाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

कोई दस्तावेज नही मिला: 8 लाख कैश और गोल्ड जब्त, 2 संदिग्धों से पूछताछ

## रायपुर- जबलपुर बायपास में कार से पकड़ाई 3 करोड़ की ज्वेलरी

विजयमत कबीरधाम ब्यूरो।

जिले में एक कार से 3 करोड़ की ज्वेलरी और 8 लाख नगद मिला है। बुधवार रात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक कार को रुकवाकर जांच की तो उसमें 2 लोग सवार थे और गाड़ी के पीछे बड़ी मात्रा में सोना और कैश रखे हुए थे। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। संदिग्ध व्यक्ति के पास वैध दस्तावेज नहीं होने से पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिया। जब्त सोने की कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है। वहीं कार में मौजूद 2 संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दोनों रायपुर के रहने वाले हैं।

#### नहीं दिखा पाए दस्तावेज

इस बारे में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया, सूचना मिली थी कि रायपुर से कवर्धा की ओर आ रहे एक सफेद रंग की कार में करोड़ों का सोना व नगदी मौजूद हैं, पुलिस की टीम ने रायपुर-जबलपुर बायपास में संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली।

बताया जा रहा है कि संदिग्धों ने यह ज्वेलरी कवर्धा के सराफा दुकान में बेचने के लिए आया था। हालांकि, सेल्समैन अब तक सोने का ओरिजिनल बिल और जीएसटी बिल पुलिस के सामने पेश नहीं कर पाया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

यह पूरी कार्रवाई एसपी धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में हुई।

#### दोनों संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी

कार से करीब करोड़ों रुपए के सोने का आभूषण, चैन, अंगूठी, चुड़ी, नेकलेस और 8.40 लाख रुपए बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत दोनों संदिग्ध को हिरासत में लिया और कोतवाली थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी। संदिग्ध द्वारा वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाने के कारण पुलिस ने सोना नगदी समेत कार को जब्त कर लिया है।

#### आयकर विभाग को दी सूचना

मामले में कार्रवाई करते हुए धारा 106 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस इस मामले की सूचना आयकर विभाग और राज्य कर (जीएसटी) को भी दे रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह मामला अघोषित संपत्ति, कर चोरी या हवाला लेन-देन से तो जुड़ा नहीं है।

## शहीद वीर पंकज सिंह अवार्ड सम्मानित फुटबालर जावेद खान निकला ठग, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर। रेलवे क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ी व शहीद वीर पंकज सिंह अवार्ड से सम्मानित जावेद खान ने मंत्रालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 से अधिक बेरोजगारों से करीब 55 लाख रुपए की ठगी की। चार साल बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली, तो पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने जावेद को गिरफ्तार कर लिया।तखतपुर के ग्राम निगारबंद निवासी दीपक राजपूत (29) नेहरू नगर में किराए के मकान में रहकर पुलिस भर्ती की फिजिकल तैयारी कर रहा था। इसी दौरान वर्ष 2021-22 में उसकी पहचान रेलवे कॉलोनी के जावेद खान से हुई, जिसने खुद को फुटबॉल खिलाड़ी और अमेठी यूनिवर्सिटी का प्रशिक्षक बताया। जावेद ने मंत्रालय में ऊंचे संपर्कों का हवाला देते हुए सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। दीपक को झांसे में लेने के बाद जावेद ने उसे अपने अन्य बेरोजगार मित्रों को भी लाने को कहा। इसके बाद दीपक ने अनीश राजपूत, प्रताप राजपूत, जगमीत सिंह खालसा, हर्षवर्धन ठाकुर, शिल्पा ठाकुर, अविनाश साहू और



श्यामू कश्यप सहित कई अन्य लोगों को जावेद से मिलवाया।जावेद ने बेरोजगारों को मंत्रालय में 15-20 लोगों को पहले भी नौकरी दिलाने की बात कहकर भरोसा दिलाया। उसने आधी रकम पहले और शेष रकम नौकरी लगने के बाद देने की शर्त रखी। इसी बहाने उसने दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 के बीच दीपक से 5 लाख, अनीश से 8 लाख, जगमीत से 6.50 लाख, श्यामू से 4.50 लाख, सूरज राजपूत से 5 लाख, शिल्पा ठाकुर से 4 लाख और हर्ष ठाकुर से 4 लाख समेत कुल 55 लाख 80 हजार रुपए ले लिए।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत कुम्हारपारा एवं चिखलपुटी में नव निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगण की उपस्थिति में नशा मुक्ति हेतु सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं संबंधित बीमारियों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत चिखलपुटी के नव निर्वाचित पंचगण ने अपने गांव को शत-प्रतिशत नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। साथ ही समाज कल्याण के अधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति केंद्रों की सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत माकड़ी एवं फरसगांव क्षेत्र के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशामुक्त




भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच, उप सरपंच, पंचगण एवं ग्रामीणों को राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना की जानकारी दी गई तथा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक ललिता लकड़ा, विभागीय कर्मचारी सुनीता साहू, रमेश मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जिले में निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मौजूदा ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी के प्रबंध की समस्या के निराकरण हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली।



उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को बेहतर योजना बनाकर पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समस्या का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।इस दौरान चन्द्रवाल ने मादक पदार्थों के अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में नियमित रूप से नशामुक्ति अभियान चलाने तथा मादक पदार्थों के अवैध बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने पुलिस, परिवहन एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को सुबह स्कूल खुलने एवं आवश्यकतानुसार अन्य समय में भारी वाहनों के नगर में प्रवेश को वर्जित करने के निर्देश भी दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या का निराकरण करने हेतु विभाग द्वारा हेल्पलाईन नंबर जारी कर किसी भी स्थान पर पेयजल के समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कक्षा चौथी की छात्रा माधुरी ने कलेक्टर से अंग्रेजी में किया संवाद

कोरिया। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, यह कहावत ग्राम तर्रा के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी माधुरी ने चरितार्थ कर दिखाई।सोनहत विकासखंड के ग्राम तर्रा के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी माधुरी ने अपनी बेमिसाल अंग्रेजी की क्षमता से सभी को चौंका दिया। बुधवार को जिला कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने अचानक ग्राम तर्रा का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का भी जायजा लिया।

इस दौरान जब कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बच्चों से पहाड़ा और अंग्रेजी में विभिन्न शब्दों की स्पेलिंग पूछी, तो कक्षा चौथी की छात्रा माधुरी ने बिना किसी झिझक के

#### कलेक्टर ने कहा- वाह.. वेलडन बेटा



अंग्रेजी में कलेक्टर से संवाद किया। कलेक्टर और माधुरी ने अंग्रेजी में सवाल-जवाब किया और उनकी इस बेमिसाल क्षमता को देख उन्हें शाबाशी दी।कलेक्टर ने कहा, वाह.. वेलडन बेटा! और माधुरी को राज्यस्तरीय स्पेलिंग टेस्ट में पुरस्कार मिलने की भी जानकारी प्राप्त की, जिसके बाद उन्होंने माधुरी को अपनी मेहनत जारी रखने और भविष्य में और सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने बच्चों को भी यह सलाह दी कि वे अपने हाथों को खाने से पहले साबुन से धोएं और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रहें।कलेक्टर की इस पहल ने ग्रामीण बच्चों को प्रेरित किया और यह सिद्ध कर दिया कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को पहचानने का मौका मिलना चाहिए।

खास-खबर

यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

# वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की जरुरत : राज्यपाल डेका

बलौदाबाजार विजयमत ब्यूरो।

राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार को बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल संचयन के कार्य, पौध रोपण, पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल डेका ने वर्षा जल संचय और जल एवं वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए वर्षा जल संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं



प्रदुषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की बात कही।उन्होंने जल शक्ति अभियान, स्वच्छता, नशामुक्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना भी की।राज्यपाल डेका ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल और स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवशयक है। जल के अत्यधिक दोहन से जल संकट की स्थिति निर्मित होते जा रही है उसी प्रकार पर्यावरण भी प्रदूषित होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला औद्योगिक जिला है यहां बड़े कारखाने के साथ पत्थर खदाने भी है जिससे यहां वर्षा जल को सहेजना और भी ज्यादा जरुरी है। उन्होंने जंगलो की कटाई व नदी - नालों की सफाई पर जोर देते हुए कहा कि प्रति वर्ष वृक्षारोपण बड़े पैमाने पर होता है इन पौधों को लगाने से ज्यादा जरुरी इनकी देखभाल करना हैं। उन्होंने कहा कि यदि जंगल से पेड की कटाई न हो तो जंगल बचाए जा सकते हैं उसी प्रकार नदी - नालों को साफ रखेंगे तों पानी का बहाव नियमित रूप से होता रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर मॉनिटरिंग के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाया जाना चाहिए। जल स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न संरचनाओ का अधिक से अधिक निर्माण हो।राज्यपाल डेका ने स्व सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को सक्षम बनाने कहा। उन्होंने यहाँ के उद्योगों मे स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने आवश्यक पहल करने कहा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर। गोबरानवापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 98 पाव देशी शराब और एक्टिवा वाहन जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम छाटा रोड में एक्टिवा सवार आरोपी छोटकु निषाद 22 वर्ष और खिलेश दास मानिकपुरी 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 98 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर। नेवरा पुलिस ने सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी 3400 रुपए सहित 4 नग मोबाइल, 5 पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड व कॉपिया जब्त किए है।मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 6 स्थित हर्ष पंजवानी के घर में सट्टा चल रहहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी हर्ष पंजवानी 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी 3400 रुपए सहित 4 नग मोबाइल, 5 पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड व कॉपिया जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में श्याम नगर तारू सिंह चौक निवासी विवेक कुश्वाहा 23 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 1501 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में आकाश नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी राजकुमार नाइक 36 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचवाय 3949 को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जैन परिवहन के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में ग्राम कोतवापारा खरोरा निवासी मुकेश वर्मा 30 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 8098 को नगर निगम गार्डन के सामने खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निर्माणाधीन अस्पताल से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर। मोवा ओव्हर ब्रीज स्थित निर्माणाधीन अस्पताल से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोकेश्वर प्रसाद वर्मा 41 वर्ष अविवा गार्डन दलदल सिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके निर्माणाधीन अस्पताल में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर 13 बंडल केबल वायर, हेमर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 88 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बेटी के सुनहरे भविष्य के लिए महतारी वंदन योजना बनी सहारा

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की मातृशक्तियों के लिए एक नई उम्मीद की किरण दिखाई है। इस योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, बल्कि बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए भी मदद मिल रही है।श्याम नगर रायपुर की निवासी श्रीमती पूजा यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल मैं सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर रही हूं। जो मेरी बेटी का भविष्य उज्जवल बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

**छत्तीसगढ़ रेरा की बड़ी पहल :** वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने रेरा ने 17 बैंकों को किया सूचीबद्ध

# रेरा के नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल से रियल एस्टेट खरीददारों के हितों की होगी सुरक्षा

विजय मत, रायपुर।

छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने और प्रोजेक्ट में भूमि - मकान आदि सम्पत्तियां खरीदने वाले लोगों के हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से रेरा ने रियल एस्टेट में वित्तीय अनुशासन और पादर्शिता लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में एक बैंक एम्पैनलमेंट इवेंट में रेरा ने 17 बैंकों को सूचीबद्ध किया और रियल एस्टेट प्रमोटरों के साथ अपने नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल को साझा किया। कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष श्री संजय शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल का मुख्य उद्देश्य आबंटियों के निवेश को सुरक्षित रखना और धनराशि के दुरुपयोग को रोकना है। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे। साथ ही निधियों की निकासी, आवंटन और निगरानी सॉफ़्टवेयर-आधारित प्रणाली के माध्यम से होगी, जिससे मानव



हस्तक्षेप न्यूनतम होगा और गलतियों की संभावना कम होगी। रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल के अंतर्गत अब किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में आबंटियों से प्राप्त कुल राशि का 70 प्रतिशत भाग एक रेरा नामित बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। रियल एस्टेट सेक्टर में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए रेरा ने बैंकों को इस प्रक्रिया में शामिल किया है। सरकार द्वारा इस प्रणाली को अपनाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। तय नियमों के तहत वित्तीय प्रबंधन आसान होगा, जिससे परियोजनाओं को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, जिससे सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा। रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा कि इस नई व्यवस्था के तहत आबंटियों से प्राप्त धनराशि स्वचालित रूप से 70 प्रतिशत रेरा खाते में और 30 प्रतिशत अन्य आवश्यकताओं के लिए सुरक्षित होगी। यह राशि केवल परियोजना के वास्तविक विकास कार्य और उसके अनुपात में ही खर्च की जा सकेगी। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

साथ ही निधियों की निकासी, आवंटन और निगरानी सॉफ़्टवेयर-आधारित प्रणाली के माध्यम से होगी, जिससे मानव हस्तक्षेप न्यूनतम होगा और गलतियों की संभावना कम होगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रेरा के सदस्य श्री धनंजय देवांगन, रजिस्ट्रार सुश्री आस्था राजपूत, क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री पंकज लाहोरी एवं विभिन्न बैंकों के जोनल हेड शामिल हुए।इसी तरह रियल एस्टेट खरीदारों ो भी लाभ होगा। खरीदारों की जमा की गई धनराशि सुरक्षित रहेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनका पैसा सही ढंग से उपयोग हो।

### हर प्रोजेक्ट के लिए मिलेगा रियल-टाइम अपडेट

रेरा के इस पहल से बैंकों, प्रमोटरों और रियल एस्टेट के खरीदारों को लाभ होगा। इसके तहत सूचीबद्ध बैंकों को अब भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे संचालन सुगम होगा। हर प्रोजेक्ट के लिए रियल-टाइम अपडेट मिलेगा, जिससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ेगी। बैंकिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे निधियों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित होगी। रियल एस्टेट प्रमोटरों और डेवलपर्स को अब बार-बार दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे क्योंकि अब सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगे जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी।

### क्या है इस मॉडल की खासियत?

अब सब कुछ सॉफ्टवेयर की नजर में होगा। निधि निकासी से लेकर आवंटन तक, हर कदम डिजिटल और पारदर्शी। मानवीय गलतियों का कोई चक्कर नहीं, क्योंकि सिस्टम खुद निगरानी करेगा। बैंकों को भी रेरा के खातों के हिसाब से ढाला गया है, ताकि लेन-देन में कोई गड़बड़ी न हो। संजय शुक्ला ने जोर देकर कहा, हमारा लक्ष्य है कि आबंटियों का निवेश सुरक्षित रहे और रियल एस्टेट में वित्तीय अनुशासन की मिसाल कायम हो।

### तीनों पक्षों को फायदा होगा

इस पहल से त्रिशूल की तरह तीनों पक्षों को फायदा होगा—बैंक, प्रमोटर और खरीदार। बैंकों के लिए कागजी झंझट खत्म, क्योंकि अब दस्तावेज डिजिटल होंगे। प्रमोटरों को बार-बार कागजात जमा करने की टेंशन से छुटकारा मिलेगा और प्रोजेक्ट की रियल-टाइम अपडेट से काम आसान होगा। लेकिन सबसे बड़ा तोहफा खरीदारों के लिए है—उनका पैसा सुरक्षित, प्रोजेक्ट समय पर पूरा, और घर मिलने में देरी की चिंता खत्म।

## कलेक्टर ने उद्योगपतियों से किया आह्वान: औद्योगिक नीति 2024-30 बेहतर, अधिक से अधिक करे निवेश

रायपुर। सिविल लाईन, रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के कन्वेन्शन हॉल में औद्योगिक विकास नीति 2024-30, रैम्प तथा इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर गुरूवार को संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर शासन की मंशा तथा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये किये गये नवीन प्रावधानों पर विचार व्यक्त कर उद्योगपतियों को अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीति काफी अच्छी है, इसमें कई ऐसे प्रावधान है जो उद्योगों को बढ़ावा देने में सहयोगी है। ऐसी नीतियों से प्रदेश में सकारात्मक माहौल निर्मित होगा और उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों से उन्होंने कहा कि आप



हमारी नीति का प्रदेश से बाहर भी प्रचार-प्रसार करे और व्यापार का ऐसा वातावरण बनाए कि छत्तीसगढ़ में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो। कलेक्टर ने कहा की प्रशासन और इंडस्ट्रीज सेक्टर मिलकर ऐसा कार्य करेंगे कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति तेजी से हो, युवाओं को रोजगार मिले और हमारे प्रदेश का नाम पूरे देश में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए। औद्योगिक विकास के लिए आप सभी को प्रशासन स्तर पर हर संभव सहयोग किया जाएगा।कार्यशाला का आयोजन रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता, सीएसआईडीसी के कार्यपालक संचालक श्री आलोक त्रिवेदी व उद्योग संचालनालय से संयुक्त संचालक श्री शिव राठौर की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यशाला में रायपुर संभाग में स्थापित उद्योगों के प्रतिनिधि और सीए प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे।कार्यशाला में केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये जारी रैम्प स्कीम की विस्तृत जानकारी ईवाय की टीम द्वारा दी गई। साथ ही राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर विस्तृत परिचर्चा कर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।इस कार्यशाला का आयोजन उद्योग विभाग द्वारा किया गया, जिसमें जिला व्यापार उद्योग केंद्र, रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक के साथ गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

## जोन तीन को छोड़ 8 जोनों में जोन अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

रायपुर। नगर निगम रायपुर के 10 जोन मे से 8 जोनों में अध्यक्षों का निर्वाचन गुरुवार को गया, जबकि जोन 3 का निर्वाचन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

बता दें इनमें से जोन 2 में सभापति सूर्यकांत राठौड़ पदेन अध्यक्ष के रूप में पहले ही पदभार संभाल चुके हैं। निर्विरोध निर्वाचित जोन अध्यक्षों में जोन 1 गज्जू साहू, जोन 4 मुरली शर्मा, जोन 5 अम्बर अग्रवाल, जोन 6, बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 7 श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 9 गोपेश साहू, जोन 10 सचिन बी. मेघानी शामिल है।

इस अवसर पर जोन कार्यालय



में वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापतिसूर्यकान्त राठौड़, सभी एमआईसी सदस्यों, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, जोन के तहत वार्डों के सभी नवनिर्वाचित पार्षदगणों, जोन कमिश्नरों, जोन अधिकारियों, कर्मचारियों ने बुके प्रदत्त कर शुभकामनायें दीं।

## जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण



रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार विश्वरंजन ने जनपद पंचायत तिल्दा का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय का जायजा लिया और उसके बाद पंचायत भवन एवं यूट्यूब स्टूडियो जाकर युवा इन्फ्लूएंसर्स से मुलाकात की। यूट्यूब स्टूडियो में युवा इंफ्लूएंसर्स से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान इन्फ्लूएंसर्स ने अपनी अपेक्षाएं और अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रखासाथ ही जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत ताराशिव में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य के विषय में चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ में जनता टैक्स के बोझ और व्यापारी जीएसटी के भयादोहन से परेशान

रायपुर। छत्तीसगढ़ जीएसटी वसूली में देश में नंबर आने के सरकार के दावे पर कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि विष्णुदेव साय सरकार कर वसूली के मामले में अंग्रेजों से भी बेरहम है। जन विरोधी भाजपा सरकारों का एक सूत्रीय नारा है की दैनिक उपभोग की वस्तुएं महंगी कर दो ज्यादा कीमत अथाज़्त उस पर ज्यादा टैक्स और सरकार को ज्यादा आमदनी। एक तरफ जहां भारतीय जनता पाटीज़् की सरकार आने के बाद बेरोजगारी बढ़ी है आमदनी घटी है, आम जनता की क्रश क्षमता घटी है, ऐसे में जीएसटी कलेक्शन में 18 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता पाटीज़् की



सरकार आम जनता से बेरहमी से कर वसूल रही है। सरकार ने टैक्स वसूली के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया, फाईन अथज़्दंड ज्यादा वसूला, जबरिया छापेमारी कर व्यापारियों से भयादोहन किया गया। इसी से राज्य का जीएसटी कलेक्शन बढ़ गया। जिस बात के लिए भाजपा की सरकार को आम जनता से माफी मांगनी चाहिए उसे उपलब्धि बता कर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि ओपी चौधरी के वित्त मंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ के व्यवसायी भय और आतंक के माहौल में व्यवसाय करने मजबूर हैं। प्रदेश के राजस्व संग्रहण में प्रमुख योगदान देने वाले आम व्यापारीयों से साय सरकार चोर और डकैतों के समान व्यवहार कर रही है। केवल जीएसटी से इस लोभी सरकार का पेट नहीं भर रहा है, व्यापारियों के परिसर में अनावश्यक छापे डाले जा रहे हैं, अनुचित ब्याज और पेनाल्टी जबरिया वसूला जा रहा है, व्यापारियों के बीच भय का माहौल व्याप्त है। जीएसटी की इतनी बबज़्तापूवज़्क कायज़्वाहियां पूरे देश में कहीं नहीं हो रही है, जितना बीजेपी सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में हो रही है। व्यापारियों के खिलाफ प्रशासनिक आतंक, दमन और अत्याचार के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले स्थान पर आ गया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि साय सरकार की गलत औद्योगिक नीतियों के चलते प्रदेश में नए उद्योग तो लग नहीं पा रहे हैं बल्कि पूवज़् से संचालित उद्योग भी लगातार बंद हो रहे हैं। घटते उत्पादन क्षमता के बावजूद जीएसटी संग्रहण में ऐतिहासिक वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि साय सरकार अत्यधिक टैक्स, अनुचित ब्याज और पेनाल्टी वसूल कर बचे खुचे उद्योग और व्यवसाय का भी कमर तोड़ रही है। भाजपा की सरकार आने के बाद उद्योगों को दी जाने वाली बिजली के दाम चार-चार बार बढ़ाए गए जिसके चलते बड़ी संख्या में स्पंज आयरन, रोलिंग मिल, राइस मिल सहित कृषि और वन आधारित उद्योग बंद हुए हैं

## रायपुर में होगा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच डे-नाइट वन डे मैच

विजय मत, रायपुर।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला डे-नाइट वन डे मैच, छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक घटना बन जाएगा। बीसीसीआई ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है।

यह मैच 2025 में भारत में होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा 14 नवंबर से शुरू होगा।

इस दौरे में दो टेस्ट मैच, तीन वनडे मैच और पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। 3 दिसंबर को आयोजित होने वाला यह वनडे मैच रायपुर में खेला जाएगा, जो छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इससे



पहले, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने 21 जनवरी 2023 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच और 1 दिसंबर 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मैच की मेजबानी की थी। इसके अलावा, यह भी चर्चा है कि महिला वर्ल्ड कप क्रिकेट 2025 के दौरान, सितंबर से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट के दो मैच रायपुर में खेले जाएंगे, जो इस क्षेत्र के लिए एक और बड़ी उपलब्धि होगी।

**खास-खबर** भाजपा की विकास यात्रा के साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी

## स्थापना दिवस और डॉ. अम्बेडकर जयंती के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन 6 से करेगी भाजपा

विजय मत, रायपुर।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस और भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जयंती के निमित्त 6 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन करने जा रही है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में पार्टी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती वर्मा ने बताया कि पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथों, कार्यालयों, अपने-अपने घरों और कार्यकताओं के घरों पर भाजपा का झण्डा फहराया/लगाया जाएगा।श्रीमती वर्मा ने बताया कि इसी श्रृंखला में 8-9 अप्रैल को सभी मंडल/विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन रखा जाएगा और फिर



10-11- अप्रैल को ग्राम, बस्ती, बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उन पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी।

डॉ. बाबासाहब की जयंती से एक दिन पूर्व दिनांक 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। दिनांक-14 अप्रैल को सभी जिला और मंडल मुख्यालय पर माल्यार्पण कर उनके जीवन-वृत्त प्रकाश डाला जाएगा और संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा जाएगा। बैठक में जिला/प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल संयोजक सदस्यगण अपेक्षित रहेंगे। जिला बैठक में मंडल बैठक पूर्ण करने की योजना बनाई जाएगी। इसी प्रकार मंडल बैठक में बूथ और ग्राम प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे7 6 से 14 अप्रैल तक आहूत कार्यक्रमों के लिए जिले से प्रभारी बनाकर भेजे जाएंगे।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है।

भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया,

जिसके प्रथम अध्यक्ष भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए।

श्रीमती वर्मा ने कहा कि भाजपा ने भारतीय राजनीति को दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन-युग के सूत्रपात में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# ट्रंप के टैरिफ का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दिखेगा जल्द असर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ मामले में जो कहा वह करके दिखला दिया है। इसे लेकर दुनियां के अनेक देश दोस्ती और दुश्मनी वाला फार्मूला तलाशने में लग गए हैं। बताया जा रहा है कि ट्रंप के टैरिफ से किसे क्या नुक्सान और क्या फायदा होगा, लेकिन इतना तो तय है कि ट्रंप ने एक बार फिर अपनी व्यापारिक नीतियों से वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। हाल ही में उन्होंने चीन, भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। चीन पर 34 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत और पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा, भारत से अमेरिका में आयात होने वाले सामानों पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की घोषणा की गई। ट्रंप का कहना है कि यह कदम अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा के लिए आवश्यक है। जहां तक भारत की बात है तो ट्रंप ने यहां के लिए 26 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा करते हुए दावा किया कि भारत अमेरिकी आयात पर 52 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। हालांकि, भारतीय व्यापार नीति और अमेरिकी निर्यात पर लगाए गए करों का विश्लेषण करने पर यह आंकड़ा अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होता है। इसलिए यदि यह कहा जा रहा है कि ट्रंप की यह नई घोषणा भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को प्रभावित कर सकती है, तो गलत नहीं है। देखने वाली बात तो यह भी है कि जिस तरह से ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको को लेकर बयान दिए थे, उसके बाद यही कहा जा रहा था कि इन देशों पर सौ फीसद टैरिफ लगाया जा सकता है, लेकिन इसके उलट व्हाइट हाउस ने कनाडा और मैक्सिको को इस टैरिफ से छूट दे दी। इसकी वजह इन दोनों देशों के साथ अमेरिका के मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौते लागू होने को बताया जा रहा है। मतलब यह हुआ कि ट्रंप बयान कुछ देते हैं और नीति कुछ और लागू करते हैं, जिसका उदाहरण ये दो देशों को टैरिफ से छूट और भारत को दोस्त बताने के बावजूद टैरिफ में शामिल करना है। इस स्थिति में ट्रंप के अन्य देशों पर लगाए गए नए शुल्क वैश्विक व्यापार पर महत्वपूर्ण असर डालने वाले साबित हो सकते हैं, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था अस्थिर हो सकती है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# 12 घंटे की लंबी मैराथन बहस के बाद, वक्फ संशोधन बिल 2025 लोकसभा में पारित

**किशन सनमुख़दास भावनानीं**

> बहस पूरी हो जाने के बाद जेपीसी अध्यक्ष ने उसका जवाब दिया, फिर अंत में अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री ने बहस का जवाब दिया। मैंने महसूस किया कि पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ बहस में शामिल होने, बहस की प्रक्रिया हो जाने के बाद माननीय सदस्यों द्वारा 100 से अधिक संशोधनों जो दर्ज कराए गए थे, उसमें तीन संशोधन की वोटिंग मशीन से वोटिंग हुई व बाकी 100 से अधिक संशोधनों को ध्वनि मत से जिसमें करीब-करीब विपक्ष के सभी संशोधन खारिज कर दिए गए। विशेष बात यह रही कि मैं पिछले 10-12 सालों में मैंने रात्रि 2-3 बजे तक संसद चलने और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया नहीं देखी थी।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकतंत्र के मंदिर रूपी संसद व उच्च सदन राज्यसभा में किसी महत्वपूर्ण विधेयक पर बहस कर उसमें संशोधन से लेकर वोटिंग तक पर पूरी प्रक्रिया को भारत सहित पूरे विश्व नें ध्यान से देखा व सुना है, जिसमें महिला आरक्षण विधेयक बिल, जीएसटी बिल, आर्टिकल 370 बिल सहित अनेकों बिलो को हमने लोकसभा के दोनों सदनों से पास होते हमने देखा है। आज यह चर्चा हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आज अर्ली मॉर्निंग करीब 4 बजे तक मैंनें करीब 16 घंटे लगातार वक़्फ़ (संशोधन) बिल 2025 की पूरी बहस, वोटिंग प्रक्रिया व अमेंडमेंट पर वोटिंग प्रक्रिया पर पर मैं नजर रखी। मैंने लगातार 16 घंटे संचार माध्यमों से जुड़ा रहा, क्योंकि ऐसे विषय पर लाइव देखकर रिपोर्टिंग बनाना मेरी रुचि रही है। मैंने देखा कि विपक्ष व पक्ष के सदस्यों ने ध्रुवीकरण बोलने पर विशेष ध्यान दिया विपक्ष के नेताओं ने ध्रुवीकरण पर आरोप प्रत्यारोप लग रहे थे बहस के दौरान मैंने एक बात देखी कि एक सदस्य वाली पार्टी को भी बोलने का अधिकार दिया गया था, जिसमें चंद्रशेखर, पप्पू यादव, असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल थे। ओवैसी साहब ने बिल को फाड़ने की बात तो की,लेकिन बिल को फाड़ नहीं पाए बल्कि दो भागों को स्टेपलर की पिन खोलकर अलग किया। वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक, 2025 रात 1.56 बजे लोकसभा में पारित हुआ। विधेयक पर 1 घंटे 50 मिनट तक वोटिंग चली। विधेयक के समर्थन में 288 वोट पड़े, जबकि विरोध में 232 वोट पड़े। अनेक संशोधन में एक संशोधन पर इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से मतदान के बाद कुल 464 वोट दर्ज किए गए। विधेयक के पक्ष में 273 और विरोध में 191 मत पड़े। शुद्धि के बाद स्पीकर ओम बिरला आधिकारिक आंकड़ों का एलान करेंगे। लोकसभा संसद सदस्यों द्वारा दिए गए संशोधन में सबसे महत्वपूर्ण संशोधन बोर्ड में शामिल होने वाले 11 गैरमुस्लिम सदस्यों वाला संशोधन 288 के मुकाबले 231 मतों से गिर गया, यानि अब गैरमुस्लिम सदस्य बोर्ड में शामिल होंगे।वक़्फ़ (संशोधन) बिल 2025 आज ही उच्चसदन यांने राज्यसभा में पेश होगा उम्मीद है बहस के बाद इस सदन में भी वक़्त (संशोधन) बिल 2025 पारित हो जाएगा ऐसा मेरा मानना है। चूँकि संसद में 12 घंटे की लंबी मैराथन बहस के बाद वक़्त संशोधन बिल 2025 लोकसभा से पारित हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग सेइस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वक़्फ़ संशोधन बिल 2025 की लड़ाई, अंजाम तक आई। लोकसभा में अर्ली मॉर्निंग 232 के मुकाबले 288 मतों से यह बिल पारित किया गया तथा आज 3 अप्रैल को ही राज्यसभा सदन में भी पारित कर दिया जाएगा ऐसी संभावना है। साथियों बात अगर हम वक्फ बिल पर लोकसभा में बहस के के बाद जेपीसी के अध्यक्ष द्वारा जवाब देने की करें तो उन्होंने कहा यदि बीजेपी चाहती तो इस विधेयक को सीधे संसद में पास करा सकती थी, लेकिन सरकार ने इसे जेपीसी को भेजने का फैसला किया ताकि अन्य दलों के साथ विस्तृत चर्चा हो सके।




उन्होंने कहा कि यह सरकार की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता को दिखाता है कि उसने बिना किसी जल्दबाजी के इस विषय पर व्यापक विमर्श किया।उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को फाड़ने की बात को असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी इस बिल को असंवैधानिक बता रहे हैं, लेकिन असली असंवैधानिक हरकत तो उन्होंने खुद की है। पाल ने लोकसभा में कहा कि संसद में इस तरह से विधेयक को फाड़ना लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का अपमान है और यह संसदीय मर्यादाओं के खिलाफ है। साथियों बात अगर हम 2 अप्रैल 2025 को हुए बिल पर चर्चा का जवाब रात्रि 12 बजेअल्पसंख्यक विभाग के मंत्री द्वारा जवाब देने की करें तो उन्होंने कहा, सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। इसपर आधी रात तक लगभग 12 घंटे तक चर्चा हुई। अब सदन में वोटिंग हो रही है। पक्ष ने जहां बिल का समर्थन किया तो विपक्ष ने जोरदार हमला बोलते हुए इसे मुस्लिमों को हाशिए पर धकेलने वाला बताया। बिल पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने वक्फ कानून में बदलावों के जरिए इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था, इसलिए इसमें नए संशोधनों की जरूरत पड़ी। गौरतलब है कि लोकसभा में संख्याबल के हिसाब से एनडीए की स्थिति मजबूत है, जिसके पास 294 सांसद हैं, जबकि बिल पास करने के लिए 272 वोटों की जरूरत है। साथियों बातें कर हम विधेयक का विरोध करने की करें तो, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बिल पर बहस के दौरान कहा, इस बिल का असली मकसद मुसलमानों को जलील करना है। सरकार हमारे वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा जमाना चाहती है और हमारे धार्मिक अधिकार छीनना चाहती है। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने सदन में कहा कि मैं इस बिल को फाड़ता हूं। उन्होंने इसे अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया और कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है। संसद में मदनी वक्फ संशोधन बिल पेश किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमीयत उलमा-ए- हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असअद मदनी ने कहा कि संसद में पेश किया गया वक्फ से संबंधित यह बिल असंवैधानिक है और मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है। सरकार अपनी संख्यात्मक बहुमत के बल पर इसे पारित कराने की कोशिश कर रही है।यह रवैया बहु संख्यकवादी मानसिकता पर आधारित है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस बिल को जबरन संसद में लाया गया है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। जिस तरह से यह बिल तैयार किया गया है और जिस मंशा व रवैये के साथ इसे पेश किया जा रहा है, वह मुसलमानों के खिलाफ एक नकारात्मक रुख को दर्शाता है। उन्होंने कहा,हम पहले ही कह चुके हैं कि पुराने कानून में सुधार की जरूरत थी, लेकिन इसके बजाय सरकार ने ऐसे संशोधन पेश किए हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत

**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा। यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# प्रखर पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी

**मुकेश तिवारी**

> पंडित माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म 4अप्रैल 1889को मध्य प्रदेश के बाबई में हुआ था। इनके पिता का नाम नंदलाल और मां का नाम सुदरबाई था। चतुर्वेदी जी के बचपन में ही उनके पिता का निधन हो गया था। फलत बाल्यकाल के उन सुहाने दिनों से वंचित हो गए, खेलने खाने की आयु में उन्हें संघर्ष का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने जीवन काल में कभी भी संघर्ष से मुंह नहीं मोड़ा। वे अध्यापक के पुत्र होने के कारण सन् 1914-15में खंडवा के प्रायमरी स्कूल के अध्यापक बने। उन्होंने गांव देखा।

हम सिर्फ इस गौरव की अनुभूति कर सकते हैं। जो मध्य प्रदेश में रहने वाले नागरिकों को होना चाहिए। यहां पर माखनलाल जी जैसे महापुरुष ने जन्म लिया और अपने संपूर्ण जीवन में संपूर्ण मानव की आकृति कैसी होती है उसका प्रत्यक्ष दर्शन कराया। वैसे तो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस देश में पृथक-पृथक हिस्सो में बड़े-बड़े महापुरुषों ने अपना योगदान दिया और उन सबके जीवन से हम चिर परिचित हैं। लेकिन यदि मैं यह कहूं कि माखनलाल जी ने साहित्य और स्वतंत्रता संग्राम का संबंध कितना करीब का हो सकता है और वह एक दूसरे के प्रेरक हो सकते हैं। शायद इतना सुंदर समन्वय और और किसी महापुरुष के जीवन में हमें उस दौरान नहीं मिलेगा और यही वजह है कि जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बीच में उनका एक विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान है। वहीं पर साहित्य जगत में शायद उनसे भी ज्यादा विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान उनका है।

जमींदारों द्वारा लुटतीं फसलें देखी गरीबी देखी ही नहीं,भोगी भी। अपने समय की ललकार और चुनौतियों को भी उन्होंने सुना, उन्होंने विद्यार्थीयो को सिर्फ पाठ्यक्रम में शामिल पुस्तक ही नहीं पढाई , बल्कि स्वदेश मुकित का पाठ भी पढ़ाया। उनके पढ़ाए विद्यार्थी काफी बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कार्यकर्ता बनकर देश भर में बिखर गए। जो प्रतिभा संपन्न थे। वे कवि ,लेखक और पत्रकार बन गए। उनकी अध्यापिकी के क्या कहने उन्हें वेतन मिलता था सिर्फ सात रुपए। लेकिन वेतन लेकर घर लौटते लौटते कुछ आने बच जाए तो बहुत बड़ी बात होती थी। विद्यार्थी उनके कपड़े तक उनसे मांग कर ले जाते थे। ऐसी स्थिति में कभी-कभी तो वे स्कूल में शाल ओढ लेते थे। अक्सर घर लौटते समय वह भी नदारद मिलती थी। वह अपने लिए कभी भी किसी से कुछ नहीं मांगते थे। धन एकत्र करना उनका लक्ष्य नहीं था। वह असमर्थ साहित्यकारों और दीन हीन विद्यार्थियों के लिए किसी से कुछ भी मांग सकते थे। कैसा ट्यूशन?उस दौर में इसका चलन भी नहीं था। माखनलाल जी छात्रों को अपने घर पर निशुल्क पढ़ाया करते थे। दद्दा जेल तो 1921और 1930मे ही ग ए। 1921 में सी क्लास में रहे और 1930 में बी क्लास में। लेकिन वे महाकौशल से असहयोग आंदोलन में जेल जाने वाले वे पहले सत्याग्रही थे। और 31 वर्ष की अवस्था में एक सफल लेखक, पत्रकार और ओजस्वी वक्त के रूप में काफी शोहरत हासिल कर ली थी। उनसे अंग्रेजी सरकार डर गई थी। 1921 में सिर्फ तीन सत्याग्रही जेल गए, महात्मा भगवान दीन, पंडित सुंदरलाल और दादा माखनलाल चतुर्वेदी ,महात्मा जी नागपुर के माने जाते थे। पंडित जी सुंदरलाल उत्तर प्रदेश से आए थे। सिर्फ दादा माखनलाल चतुर्वेदी ही ऐसे थे जो महाकौशल के भूमिपुत्र और सही मायने में जनता के आदमी थे। इसलिए उनके जेल जाने और सी क्लास की यातनाए सहने से एक इतिहास बन गया। 1921 का जेल और वह भी सी क्लास है। एक ऐसे तरुण के लिए जो कुछ समय पहले मरणासन्न हो चुका था और बड़ी मुश्किल से उसे बचाया गया था। बिलासपुर जेल ने उन्हें हमेशा के लिए रोगी बना दिया। वे शायद अपनी ही पंक्तियों को दोहराते हुए जेल की मियाद रस्सी बुनते हुए पूरी करते रहे।


जयंती पर विशेष

बाद में वे अध्यापिकी छोड़ कर खंडवा से प्रकाशित होने वाली पत्रिका प्रभा के संपादक बन गए थे। 1920में रायपुर के पं माधवसप्रे और कटनी के पं विष्णु शुकला ने जबलपुर से कर्मवीर नामक राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र को प्रकाशित करने की योजना बनाई और उसके संपादक के लिए उन्होंने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी को चुना। चतुर्वेदी जी कलेक्टर के पास जब कर्मवीर के प्रकाशन की अनुमति लेने गए तो कलेक्टर ने उनसे कहा दद्दा प्रदेश में हिंदी और अंग्रेजी के समाचार पत्र प्रकाशित हो ही रहे हैं तो नवीन समाचार पत्र के प्रकाशन की आवश्यकता क्यों हो रही है। चतुर्वेदी जी ने बिना किसी हिचकिचाहट के निर्भीकता से कहा कि आप जिन समाचार पत्रों का जिक्र कर रहे हैं। वे तो जी हुजूरी वाले समाचार पत्र है। उनमें जनता की आवाज सुनाई नही देती। कलेक्टर ने इतना सुनते ही चतुर्वेदी जी को कर्मवीर के प्रकाशन की अनुमति दे दी। कर्मवीर का संपादन कार्य माखनलाल जी की प्रतिभा और स्वाधीनता प्रेमी व्यक्तित्व के बहुत अनुकूल था। उन्होंने अपना उत्तरदायित्व सहर्ष स्वीकार किया और इस तरह मध्य प्रदेश की पत्रकारिता के अखिल भारतीय गौरव कर्मवीर का जन्म हुआ। यह भी कह सकते हैं कि कर्मवीर के रूप में हिंदी पत्रकारिता ने अपनी स्वतंत्र निर्भीक सत्ता की वास्तविक अभिव्यक्ति प्राप्त की।

कर्मवीर के प्रथम अंग 17.1, 1920 में उन्होंने लिखा कि हम अपनी जनता के संपूर्ण स्वरूप के उपासक होंगे, अपना यह विश्वास दृढ़ रखेंगे की कोई विशेष मनुष्य या समूह ही नहीं प्रत्येक मनुष्य और समूह मातृ सेवा का समान अधिकारी है। हमारा पथ वही होगा जिस पर संसार भर सुगमता से जा सके। उनमें छत्र धारण किए हुए और चवर से सुशोभित सिर की भी वही कीमत होगी जो कृषकाय लकड़ी के भार से दबे हुए मजदूर की होगी ... हम स्वतंत्रता के हामी हैं मुक्ति के उपासक हैं, राजनीति में समाज में साहित्य में या धर्म में जहां भी स्वतंत्रता का पथ रोका जाएगा ,ठोकर मारने वाले का पहला प्रहार और घातक के शस्त्र का पहला बार आद से लेकर मुक्त होने के लिए प्रस्तुत रहेंगे। दास्तां से हमारा मतभेद रहेगा। फिर वह शरीर की हो या मन की , व्यक्तियों की हो या परिस्थितियोंकी दोषियों की हो या निर्देषियों की, शासको की या शासितों की.... माखनलाल जी ने स्वाधीनता समर की अनेक गतिविधियों में सफलतापूर्वक भाग लिया उसका प्रारंभ रतौना कसाई खाना आंदोलन से माना जा सकता है। इस आंदोलन के अंतर्गत अंग्रेजों को एक तरह से अपनी पहली पराजय का मुंह देखना पड़ा था। कर्मवीर में रतौना के कसाई खाने के खुलने से पहले उन्होंने समाचार पत्र में संपादकीय प्रकाशित करके उसके खिलाफ जन आंदोलन खड़ा कर दिया। अतः सरकार को कसाईखाना खोलने का निर्णय त्यागना पड़ा। इस तरह 2500 गाये प्रति दिन कटने से बच गयी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | | 7 | | | | 8 | |
| 9 | | 10 | | 11 | | | | |
| | 12 | | 13 | | | | 14 | |
| 15 | | 16 | | | | 17 | | |
| 18 | | | | | 19 | | 20 | |
| | | 21 | | 22 | | 23 | | 24 |
| 25 | 26 | | 27 | | | | 28 | |
| 29 | | | | | | 30 | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

**शब्द पहेली - 8325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | वि | ता | | क | या | स | |
| भ | ला | | क | | री | | ही | न |
| र | | म | त | ल | ब | | | ह |
| म | द | द | | क्ष | | फि | तू | र |
| | | भ | क्त | | शी | त | | |
| से | हा | रा | | यं | | र | ज | त |
| ह | | | ज | हा | ल | त | | मी |
| त | ल | | मा | | की | | आ | ज |
| | ब | हा | व | | र | वा | ना | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**4 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मीन में |
| चंद्र | मिथुन में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मेष | 06.23 बजे से |
| वृष | 08.03 बजे से |
| मिथुन | 10.01 बजे से |
| कर्क | 12.15 बजे से |
| सिंह | 14.31 बजे से |
| कन्या | 16.43 बजे से |
| तुला | 18.53 बजे से |
| वृश्चिक | 21.08 ब.से |
| धनु | 23.24 बजे से |
| मकर | 01.29 बजे से |
| कुंभ | 03.16 बजे से |
| मीन | 04.49 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 94 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 20.13 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 05.51 बजे तदनन्तर आर्द्रा 05.21 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** शोभन 21.45 बजे को समाप्त।
**करण** गर 08.52 बजे तदनन्तर वणिज 20.13 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 05.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 42'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872304
**जूलियन दिन** 2460769.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अरविंद जोशी के निधन पर किया शोक व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माधवाश्रम न्यास गौशाला के संस्थापक व पूर्ण अध्यक्ष अरविंद जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अरविंद जोशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह एवं वर्तमान में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी के बड़े भाई थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने परिजन के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### बिजली चोरी के सूचनाकर्ता को पारितोषिक की 5 फीसदी राशि तुरंत मिलेगी

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाती है। योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार 5 प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा। शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी। कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी/ संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के बाद बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कंपनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जांच एवं वसूली के कार्य में शामिल बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजना के तहत दी जाने वाली 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि को सभी संबंधितों को समान रूप में दिया जाना निर्धारित किया गया है।

### पुरानी देनदारी चुका कर विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रहा है राज्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका कर, नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है। देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने अपनी 7-8 साल पहले की सारी देनदारी चुकाने का कार्य किया। हमारी सरकार ने एमएसएमई और हैवी इंडस्ट्रीज सहित सभी प्रकार की इकाइयों को गत एक वर्ष में लगभग 5 हजार 225 करोड़ की राशि देने का काम किया है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार नवीन पहलों के माध्यम से उद्योगों के लिए निरंतर सकारात्मक वातावरण बना रही है। राज्य सरकार विकास के लिए प्रदेश से जुडने वाले उद्योगों से किये गये अपने सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को जारी संदेश में यह बात कही।

### मप्र में एनआईए की तर्ज पर बनी एसआईए, नक्सली गतिविधियों को रोकने सरकार ने बनाई जांच एजेंसी

**भोपाल।** नक्सली गतिविधियों को रोकने, जांच व उनके विरुद्ध ऑपरेशन के लिए प्रदेश में स्टेट इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एसआईए) का गठन किया गया है। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा के आईजी स्तर के अधिकारी को इसका प्रमुख बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित अन्य राज्यों में भी इसी तरह की जांच एजेंसी बनाई गई है। यह केंद्र की नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) की तरह काम करेगी। एनआईए का गठन देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कार्रवाई के लिए किया गया है। केंद्र सरकार के निर्देश पर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में इसका गठन किया जा चुका है। नक्सलियों ने इन तीनों राज्यों को मिलाकर एक जोन (एमएमसी) बनाया हुआ है। एसआईए से इसमें नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी आएगी। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च, 2026 तक देश से नक्सल समस्या पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा है। एसआईए का गठन इसी दिशा में एक प्रयास है। इसका मुख्य काम नक्सलियों के नेटवर्क का पता लगाना है। साथ ही, एजेंसी के अन्य कार्य नक्सलियों को आर्थिक सहायता कहां से मिल रही है, नक्सलियों द्वारा उपयोग किए जा रहे हथियार उन तक कैसे पहुंच रहे हैं, नए नक्सलियों की भर्ती का तरीका, ग्रामीणों से संपर्क की रणनीति, बड़ी नक्सली घटनाओं की जांच से संबंधित रहेगा।

### मप्र में कई जिलों में छाए बादल; 25 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# भोपाल में बूंदाबांदी, सीहोर-बालाघाट में पानी गिरा

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में आज यानी गुरुवार को भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। भोपाल, सीहोर, रायसेन, ग्वालियर और बालाघाट में बारिश हुई है। बालाघाट में सुबह बूंदाबांदी के बाद दोपहर में तेज बारिश हुई। वहीं सीहोर में शाम को रिमझिम बारिश हुई है। भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। भोपाल में तो कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से खरगोन, खंडवा, हरदा और बैतूल में ओले गिर सकते हैं। ग्वालियर-जबलपुर समेत आधे एमपी में आंधी और हल्की बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, श्योपुर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, पन्ना, कटनी, दमोह, सागर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, रायसेन,



**इसलिए बदल रहा मौसम...** *सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि ट्रफ, वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। गुरुवार को ओलावृष्टि, आंधी और हल्की बारिश हो सकती है।*

#### मंदसौर-सागर में ओले गिरे, डिंडौरी-छिंदवाड़ा में बारिश

इससे पहले बुधवार शाम मंदसौर के गरोठ और शामगढ़ में ओले गिरे। सागर के ग्रामीण इलाकों में भी देर रात बारिश के साथ ओले गिरे। जैसीनगर क्षेत्र के कंदेला में इनका आकार बेर के बराबर था। गौरझामर इलाके में भी बारिश हुई। सागर शहर में रात 3 से सुबह 5 बजे के बीच हल्की बारिश हुई। गुरुवार सुबह से धूप-छांव का दौर जारी है। वहीं, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, उमरिया समेत कई शहरों में बारिश हुई। भोपाल में दोपहर तक बादल छाए रहे। बदले मौसम की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है।

#### सिवनी में तापमान 28.2 डिग्री, नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा

सिवनी में पारा 28.2 डिग्री, उमरिया में 29.3 डिग्री, सीधी में 30.8 डिग्री, पचमढ़ी में 31 डिग्री, रीवा में 32 डिग्री और छिंदवाड़ा में 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, नर्मदापुरम, रतलाम, धार और शिवपुरी में पारा बढ़ा रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 37 डिग्री, ग्वालियर में 36.7 डिग्री, उज्जैन में 38.5 डिग्री और जबलपुर में 30.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

### मुस्लिमों के हर तबके, महिलाओं और गरीबों को प्रतिनिधित्व देगा वक्फ संशोधन बिल

# वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाएगा वक्फ संशोधन बिल, बढ़ेगी वक्फ बोर्ड की आय: पटेल

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन बिल का सभी को स्वागत करना चाहिए। इस बिल का विरोध न भारत के मुसलमान कर रहे हैं ना बाकी लोग कर रहे हैं। हर कोई इसका स्वागत कर रहा है। इसका विरोध सिर्फ कांग्रेस और सपा जैसे राजनीतिक दल कर रहे हैं, जो मुस्लिमों के हितैषी नहीं हैं, बल्कि उनका इस्तेमाल वोट बैंक की तरह करना चाहते हैं। इस बिल का विरोध ऐसे लोग भी कर रहे हैं जो वक्फ बोर्ड की आड़ में



भू-माफिया बनकर मोटी कमाई कर रहे हैं। यही लोग देश की जनता को भड़काने का षडयंत्र रच रहे हैं। को मध्यप्रदेश सहित देशभर के दो करोड़ लोगों से सुझाव लेने के बाद वक्फ संशोधन बिल लाया गया है। ऑनलाइन भी सुझाव लिए गए हैं। यह बिल वक्फ कानून की विसंगतियां दूर करने के साथ मुस्लिम समाज के गरीबों-महिलाओं और जरूरतमंदों के लिए अंत्योदय का कार्य करेगा। डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि यह बिल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के असली हकदारों को उनका हक दिलाने के लिए लाया गया है। वक्फ बोर्ड के कामकाज में वक्फ संशोधन बिल पारदर्शिता लाएगा और वक्फ बोर्ड की आय भी बढ़ेगी। यह संशोधन विधेयक देश के भाईचारे और मुस्लिम समाज के हित व मुस्लिम समाज के जरूरतमंद लोगों के हक में है।

#### झूठ, भ्रम और विरोध की राजनीति करती है कांग्रेस

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सरवर पटेल ने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी होती है कि वह सकारात्मक सुझाव भी दे, हर बात का विरोध न करे। लेकिन कांग्रेस हमेशा विचार-विमर्श से भागती रही है और विरोध की राजनीति करती है। आर्टिकल-370, ट्रिपल तलाक और जीएसटी के संबंध में संसद में जो विशेष सत्र आयोजित किए गए थे, कांग्रेस पार्टी इनमें भी शामिल नहीं हुई। राजनीति के लिए नए संसद भवन, सेंट्रल विस्टा का विरोध भी कांग्रेस का ऐसा ही कदम था। सीएए के बारे में कांग्रेस ने भ्रम फैलाया कि इससे मुस्लिमों की नागरिकता छिन जाएगी।

#### सच्चर कमेटी की सिफारिशों का विरोध कर रही कांग्रेस

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सरवर पटेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने मुस्लिमों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए वर्ष 2005 में सच्चर कमेटी का गठन किया था, जिसने वर्ष 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। लेकिन कांग्रेस की सरकार इस रिपोर्ट को वर्ष 2014 यानी करीब 8 साल तक दबाकर बैठी रही, क्योंकि उसका उद्देश्य कभी भी मुस्लिमों का कल्याण नहीं रहा। प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल के अनुसार वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल में सच्चर कमेटी की सिफारिशों के अनुसार ही काम होगा।

#### मुस्लिमों के हर वर्ग का होगा सशक्तीकरण

*वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 1995 में वक्फ एक्ट लाई थी और 2013 में चुनाव से ऐन वक्त पहले कांग्रेस सरकार ने उसमें संशोधन किया। मुस्लिमों को वोट बैंक मानने वाली कांग्रेस पार्टी को न मुस्लिम समाज की भलाई की चिंता थी और न वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता की फिक्र थी। मुस्लिम समाज के हितों के लिए मोदी सरकार वक्फ संशोधन बिल लाई है। डॉ. पटेल ने कहा कि मुस्लिमों में भी बोहरा, खानी, पसमांदा जैसे कई समाज हैं, लेकिन इन्हें वक्फ बोर्ड में कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं था। यह मुस्लिम समाज के ही अंग हैं जिनको वर्तमान वक्फ अधिनियम में कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। इन समाजों ने कई बार बोर्ड में प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की थी। डॉ. पटेल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल से इन वर्गों के साथ-साथ महिलाओं को भी वक्फ बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। इससे महिला सहित सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के बाद वक्फ बोर्ड को लगभग 12000 करोड़ की आय होने का अनुमान है और ये पैसे मुस्लिम समाज के ही काम आएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में 15008 वक्फ संपत्तियां हैं। वर्ष 2020 में पट्टा नियम लागू किया गया। अगर पट्टा नियम के हिसाब से देखा जाए तो मध्यप्रदेश में वक्फ संपत्तियों से प्रति वर्ष को 100 करोड़ की आय होनी चाहिए, लेकिन कानून की विसंगतियों और कांग्रेस नेताओं के अवैध कब्जे के कारण वक्फ संपत्तियों से प्रतिवर्ष दो करोड़ की ही आय हो रही है। कानून में संशोधन के बाद वक्फ बोर्ड की आय बढ़ेगी।*

# एक लाख 25 हजार 631 किसानों से 10 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी: राजपूत

**विजय मत, भोपाल**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक एक लाख 25 हजार 631 किसानों से 10 लाख 25 हजार 735 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 1794 करोड़ 82 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

जिला उज्जैन में एक लाख 93 हजार 362, सीहोर में एक लाख 61 हजार 737, देवास में 90 हजार 740, शाजापुर में 92 हजार 613, इंदौर में 69 हजार 558, भोपाल में 74 हजार 75, राजगढ़ में 66 हजार 47, मंदसौर 42 हजार 909, आगर मालवा में 40 हजार 550, धार में 33 हजार 249, विदिशा में 54 हजार 474, हरदा में 24 हजार 45, खण्डवा में 16 हजार 654, रतलाम में 19 हजार 743, नीमच में 6362, नर्मदापुरम में 8140, झाबुआ में 5710, रायसेन में 14183, बैतूल में 2431, दमोह में 3557, खरगौन में 565, गुना में 1057, सागर में 1053, नरसिंहपुर में 221, छिंदवाड़ा में 185, अशोकनगर में 119, सिवनी में 1313, सतना में 926, मण्डला में 90, दतिया में 43 और अलीराजपुर में 24, मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इस वर्ष अभी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये 15 लाख 9 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। किसान अब 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं।

# जनभागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान को मिल रही गति

- बैरसिया के ग्राम पंचायतों में श्रमदान के माध्यम से पोखरों का गहरीकरण एवं कुओं की साफ-सफाई की गई



**विजय मत, भोपाल**

भोपाल में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी से जल संरक्षण के कार्य तेजी से जारी हैं। इन कार्यों में समाज के सभी वर्गों का सक्रिय सहयोग देखने को मिल रहा है। गुरुवार को जनपद बैरसिया के ग्राम पंचायत बरखेड़ी हज्जाम, बीनापुर अगरिया, खजूरी, बोरदा, मुबारकपुर, कालापानी एवं सुरैया नगर में श्रमदान के माध्यम से पोखरों का गहरीकरण एवं कुओं की साफ-सफाई की गई। जिले में जनपद पंचायत बैरसिया एवं फंदा क्षेत्रों में 107 खेत तालाबों का निर्माण प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही अमृत सरोवर योजना (फेस 2.0) के अंतर्गत दामखेडा, उनींदा, परसोरा, पसैया (सेमरा), गढ़ाखुर्द एवं रमाहा ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर तालाबों का चयन किया गया है। मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण कार्यों को गति देते हुए 1905 प्रगतिरत कार्यों में से 837 कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, प्रत्येक प्रगतिरत कपिलधारा कूप का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### भोपाल स्थित 6 संस्थान ईट राइट कैम्पस घोषित

**भोपाल।** भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण, भारत सरकार के द्वारा भोपाल स्थित वल्लभभवन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट, एम.पी. वाल्मी, ताज लेकफ्रंट होटल, एस.एम.एच. हॉस्पिटल, तथा अपोलो सेज हॉस्पिटल को ईट राइट कैम्पस घोषित किया गया है। ईट राइट कैम्पस प्रमाणन की प्रक्रिया के दौरान संस्थानों में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के समस्त प्रावधानों के अनुपालन की जांच की जाती है। प्रशिक्षित पर्यवेक्षकों की देखरेख में स्वच्छतापूर्वक वातावरण में सुरक्षित तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करने वाले संस्थानों को फूड सेफ्टी ऑडिट के उपरांत ईट राइट कैम्पस घोषित किया जाता है।

# 10 जल विद्युत गृहों ने उत्पादित की 2757 मिलियन यूनिट बिजली: तोमर

- मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य से अधिक किया जल विद्युत उत्पादन

**विजय मत, भोपाल**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2694 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जल विद्युत गृहों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2757 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृहों द्वारा वर्ष 2020-21 के बाद यह उपलब्धि? हासिल की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की जल विद्युत उत्पादन क्षमता 915 मेगावाट है

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के इस उपलब्धि में 90 मेगावाट स्थापित क्षमता के रानी अवंतीबाई सागर जल विद्युत गृह बरगी, 160 मेगवाट स्थापित क्षमता के पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह, 315 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर-एक टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर, 20 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर-4 जल विद्युत गृह झिन्ना, 45 मेगावाट स्थापित क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह और 60 मेगावाट स्थापित क्षमता के मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह ने प्रमुख योगदान दिया। इन सभी विद्युत गृहों ने अपने वार्षि?क उत्पादन लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन किया। बाणसागर--2 जल विद्युत गृह सिलपारा व बाणसागर--3 जल विद्युत गृह देवलोंद ने भी नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया।

**खास-खबर** यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

# सुरक्षा के दृष्टिगत पंडित खुशीलाल चिकित्सालय परिसर में पूरी बाउंड्री वॉल का निर्माण करें: संभागायुक्त

**विजय मत, भोपाल**



संभागायुक्त संजीव सिंह ने पंडित खुशीलाल चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय, चिकित्सालय एवं छात्रावास परिसर में पूरी बाउंड्रीवाल निर्मित करने के निर्देश दिए। साथ ही महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय एवं पीजी भवन के रिपेयरिंग कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने एवं महाविद्यालय में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की प्रक्रिया हेतु अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में हकीम सैय्यद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक ली।

बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, प्रतिनिधि आयुक्त संचालनालय डॉ. पंकज गुप्ता, प्रधानाचार्य हकीम सैय्यद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. महमुदा बेगम, पंडित खुशीलाल चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश शुक्ला एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त सिंह ने महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में कैजुअल्टी वार्ड विकसित करने हेतु आवश्यक उपकरणों के क्रय करने, डिजिटल एक्स-रे मशीन, चिकित्सालय एवं महिला छात्रावास में अग्निशमन उपकरण, नवीन महिला छात्रावास में वाटर कूलर क्रय करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। सिंह ने महाविद्यालय से संबद्ध महिला छात्रावास एवं पीजी भवन के आगंतुक कक्ष हेतु फुल कवर्ड फिक्स्ड सोफासेट क्रय करने का अनुमोदन प्रदान किया।

### छिंदवाड़ा में जिला योजना समिति की बैठक आज, मंत्री राकेश रहेंगे मौजूद

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में विकास के नाम पर बैठकों की घोषणाएं तो कई बार होती हैं, लेकिन इसका नतीजा कुछ नहीं निकलता। अब एक बार फिर शुक्रवार 4 अप्रैल को जिला योजना समिति की बैठक आयोजित करने का दावा किया गया है। बैठक में शामिल होने के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह आज गुरुवार को छिंदवाड़ा आ रहे हैं। वहीं, जिला प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। दिलचस्प बात यह है कि पिछले पांच साल से यह बैठक सिर्फ कागजों पर ही होती आई है। चार महीने पहले भी बैठक का एलान किया गया था, लेकिन आखिरी समय में इसे स्थगित कर दिया गया। ऐसे अब देखने वाली बात होगी कि क्या बैठक में जिले के विकास के लिए कोई ठोस फैसला लिया जाएगा या फिर राजनीति की रस्साकशी फिर दिखाई देगी। शहर और गांवों में चल रहे 2,249 आंगनवाड़ी केंद्रों की हालत किसी से छिपी नहीं है।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी की पत्रकारवार्ता

# स्कूलों की मनमानी पर प्रदेश सरकार का अंकुश क्यों नहीं: विवेक त्रिपाठी

**विजय मत, भोपाल**




मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर प्रदेशभर में निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी और नियमों का उल्लघंन कर अत्यंत महंगी किताबों और ड्रेस की अपनी चहेती ( कमीशन देने वाली ) दुकान से बिक्री तथा फीस वृद्धि के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की वहीं त्रिपाठी ने पीले चावल के साथ मुख्य सचिव अनुराग जैन को स्मरण पत्र भेजा , पत्र के माध्यम से त्रिपाठी ने समस्त जिलों के कलेक्टरों को निजी स्कूलों की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करने हेतु तत्काल निर्देश जारी करने की मांग की ।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए विवेक त्रिपाठी ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा की जा रही अनुचित शुल्क वसूली, महंगी निजी प्रकाशनों की किताबों की अनिवार्यता, तथा आरटीई नियमों के उल्लंघन जैसी गंभीर समस्याओं को कांग्रेस द्वारा समय समय पर उजागर किया गया। जिसकी विधिवत शिकायत हमारे द्वारा शासन एवं प्रशासन के जिम्मेदार व्यक्तियों को लगातार की जा रही हैं परन्तु जिम्मेदार अधिकारी शिक्षा माफियाओं के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं कर रहें। जिसके कारण मध्यप्रदेश के पीड़ित अभिभावकों में रोष व्याप्त हैं , जिसको दृष्टिगत रखते हुए हम शासन से निम्नलिखित मांग करते हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट




### ब्लैक स्पॉट पर बनाएं डबल ब्रेकर- कलेक्टर

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग में बने ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दोनों तरफ से डबल ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। जिससे आने वाली गाड़ियों की गति धीमी हो सके एवं दुर्घटना न होने पाए। कलेक्टर ने कहा कि ब्लैक स्पॉट पर 'दिशा सूचक एवं कृपया धीरे चलें' का लिखित साइन बोर्ड भी लगाएं जिससे आने वाले गाड़ी के वाहन चालक को दिशा एवं ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिल सके।कलेक्टर ने कहा कि ऐसी सड़के जो गांव से निकलकर सीधे हाईवे रोड में मिलती है एवं उसे मिलने वाली सड़क के दोनों साईड दुकान खोल दी जाती हैं जिस कारण से आने वाली गाड़ियां दिखाई नहीं देती हैं एवं दुर्घटना का कारण बनती हैं उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पर बनी दुकानों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें।इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा को लेकर अन्य विषयों पर भी चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, डीएसपी यातायात विभाग श्री मुकेश दिक्षित सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीवार लेखन कर बताया जा रहा जल का महत्व




शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत करूआ में जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा दीवार लेखन कर जल का महत्व बताया गया।

### विश्वविद्यालय में सरगम क्लब द्वारा लोकोत्सव का भव्य आयोजन




शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में सरगम क्लब द्वारा लोकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लोकगीतों की मस्ती में डूबकर इस समारोह का आनंद लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक होली गीतों, लोक गीतों भजन का संगीत विभाग के सहयोग से सम्पन्न किया गया। सरगम क्लब के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत और नाट्य कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने सभी को लोकोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, ঋ लोक के उत्सव खुशियों, सौहार्द के पर्व है। यह हमें प्रेम और सद्भाव से रहने की प्रेरणा देता है। विश्वविद्यालय परिवार को मेरी ओर से हार्दिक बधाई।कुलसचिव प्रो आशीष तिवारी जी ने लोकोत्सव की बधाई देते हुए कहा सरगम क्लब छात्रों के बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए जो कार्य संगीत के माध्यम से कर रहा है यह सराहनीय है।इस कार्यक्रम में प्राध्यापको ने भी अपने लोग रंग के गीतों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शहडोल परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ़, प्रो सुनीता बाथरे, प्रो प्रवीण कुमार शर्मा, प्रो मनीषा तिवारी, प्रो. महेंद्र किशोर भटनागर, डॉ. एच.एल. मरावी, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ. रचना दुबे, डॉ. प्रज्ञा यादव,डॉ रजनी गौतम डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. मुनीश नेगी, डॉ. सौरभ शिवा तथा विश्वविद्यालय के अन्य सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श तिवारी ने किया।

### 58 लीटर से अधिक अग्रेजी शराब जप्त

शहडोल। ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चरका मे पंकज कुमार कोल अपने घर पर अंग्रेजी शराब भारी मात्रा मे बिक्री करने हेतु छिपा कर रखा है मुखबिर सूचना के तस्दीक हेतु रवाना होकर संदेही पंकज कुमार कोल के घर ग्राम चरका पहुंचे जहां पंकज कोल पुलिस को देखकर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। घर की तलाशी लेने पर आरोपी के घर से अंग्रेजी शराब बैगपाइपर के 96 पाव, 8प्ड के 28 पाव तथा सफेद प्लेन देशी मदिरा 200 पाव कुल 58 लीटर अंग्रजी शराब कीमत करीब 50,000 रू को जप्त कर आरोपी पंकज कुमार कोल पिता रामलखन कोल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चरका के विरूद्ध आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी पंकज कुमार कोल मौके फरार है ।

अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आये २५७ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का कर रहे प्रदर्शन

# शतरंज, दिमाग का खेल रणनीतियां बनाने में निभाता है अहम भूमिका- कलेक्टर



**विजय मत, शहडोल।**

संभागीय मुख्यालय शहडोल के श्रेयांश रिसॉर्ट में 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज रेटिंग टूर्नामेंट में भाग ले रहे शतरंज खिलाड़ियों को कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबोधित किया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज का खेल बौद्धिक एवं दिमागी खेल है जबकि अन्य खेल शारीरिक व ताकत के होते है। उन्होंने कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो दिमाग की शक्ति और सोच की गहराई को भी परखता है। यह एक मानसिक चुनौती है जो खिलाड़ियों को अपनी सोच और रणनीति को विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि शतरंज खेलने से न केवल दिमाग की शक्ति बढ़ती है, बल्कि यह आत्मविश्वास और संकल्प शक्ति को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि शतरंज के खिलाड़ी अपने दिमाग को खेल तक ही सीमित न रखें बल्कि अपने दिमाग का उपयोग देश के विकास में भी अपना योगदान देकर करें। उन्होंने कहा कि शतरंज खेल के खिलाड़ी अपने दिमाग से ज्यादा दूसरे के दिमाग को समझते हैं।उन्होंने कहा कि शहडोल जिले के युवा खेल के क्षेत्र में ज्यादा रुचि रखते हैं और अन्य राज्यों से आए खिलाड़ी शहडोल के खिलाड़ियों को कुछ जरूर सिखाए। साथ ही कलेक्टर ने शंतरज खिलाड़ियो से चर्चा भी की तथा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री आर. एस. मिश्रा ने बताया कि चेस फॉर एवरीवन ओपन इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट का आयोजन 2 अप्रैल से 6 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें 9 राज्यों से 257 खिलाड़ी सम्मिलित हैं जिसमें शहडोल जिले के 140 खिलाड़ी शामिल है। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल श्री रईस अहमद, जिला शतरंज संघ के सचिव श्री विकास खरिया, श्री संजीव गुप्ता, अमरजीत बग्गा, श्री मनीष सोनी सहित शतरंज खिलाड़ी उपस्थित थे।

### व्हीलचेयर पर विकलांग बच्चा भी खेल रहा शतरंज

इस शतरंज प्रतियोगिता में कटनी का 12 वर्षी व्हीलचेयर खिलाड़ी अभिजीत जैन 90त्न विकलांग है फिर भी शहडोल आकर इतने बैठे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा है।

**समाज सेवी विजय दुबे ने किया टूर्नामेंट का शुभारंभ**

3 अप्रैल को शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन के टूर्नामेंट का शुभारंभ शहडोल के समाजसेवी विजय दुबे द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री दुबे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### कॉमनवेल्थ एवं एशियाड में सिल्वर मेडल जीत चुके खिलाड़ी की डायलिसिस से ग्रसित खिलाड़ी के साथ चल रहा मैच



वर्ष 2008 में कॉमनवेल्थ एवं वर्ष 2012 में एशियाड मैं भाग ले चुके और दिसंबर 2024 में श्रीलंका में सिल्वर मेडल जीत चुके झांसी निवासी रामकृष्ण गुप्ता 85 वर्ष शहडोल के डायलिसिस मैं चल रहे एवं अस्थमेटिक बीमारी से ग्रस्त 57 वर्षीय उदय सिंह खटीक के साथ मैच खेल रहे हैं।

### 80 वर्षीय प्रकाश चंद सराफ की छत्तीसगढ़ के 14 साल के जूनियर खिलाड़ी से टक्कर



शहडोल में चल रहा है अंतरराष्ट्रीय रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में शेड्यूल के 80 वर्ष की प्रकाश चंद्र सराफ की टक्कर छत्तीसगढ़ के जूनियर खिलाड़ी 14 वर्षी अहिलान राय से हो रही है। यह सभी इस टूर्नामेंट के आकर्षण के खास केंद्र बने हुए हैं।

# मनमानी: प्राइवेट स्कूलों में चल रहीं निजी प्रकाशकों की पुस्तकें

## केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड के पत्र से बच रहे, बच्चों के बस्तों का बोझ बढ़ा, लुट रहे अभिभावक

**विजय मत, शहडोल।**

जिला मुख्यालय के प्राइवेट स्कूल निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चला रहे हैं। स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों की जेब कट रहीं हैं और बच्चों पर बस्ते का बोझ बढ़ रहा है। इसको लेकर प्रशासन बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। पुस्तक मेले जैसे आयोजन भी नहीं किए जा रहे हैं। जिससे अभिभावकों को मनमाने दामों से राहत मिल सके। जानकारी के मुताबिक 1 अप्रैल से नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इसके साथ ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने वाले प्राइवेट स्कूलों मनमानी शुरू हो गई है। स्कूल संचालकों के द्वारा एनसीईआरटी, एससीईआरटी की पुस्तकों के साथ



निजी प्रकाशकों की मनमानी पुस्तकें की सूची स्कूलों में चस्पा कर दी है।

**अभिभावकों के कट रही जेब**

बता दें कि कक्षा 1 से लेकर 5 के बच्चों की पुस्तकें 4 से 5 हजार रूपये की आ रही हैं। जिससे अभिभावकों के जेब कट रही हैं। वहीं बच्चों के बस्ते का बोझ बढ़ जाने से बैग पॉलिसी का भी मजाक उड़ाया जा रहा है। प्राइवेट स्कूल जो निजी प्रकाशकों की पुस्तकें उपयोग कर रहे है, वह काफी महंगी और कठिन विषय हैं, जो कक्षा 1 से 8 के बच्चों के समझ के बाहर हैं। सत्र शुरू होने के साथ ही कमीशन के लिए प्राइवेट स्कूलों में पुस्तकें ड्रेस और अन्य सामग्री में अभिभावकों के साथ मनमानी की जा रही है।

**निर्देश तक सिमटी कार्रवाई**

जिला शिक्षा विभाग को अभिभावकों ने शिकायत कर पुस्तकों में प्राइवेट स्कूलों मनमानी के आरोप लगाए हैं, इसके बाद विभाग के द्वारा कागजी खानापूर्ति करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश जारी किए गए हैं कि बैग पॉलिसी और मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) का पालन किया जाए लेकिन स्कूल विभाग के निर्देशों को हवा में उड़ा रहे हैं और मनमानी कर रहे हैं।

**पुस्तक मेले की है जरूरत**

मध्य प्रदेश के अनेक जिलों में जिला प्रशासन के द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन कर कम दर में अभिभावकों को पुस्तके उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन शहडोल जिला प्रशासन को अभिभावकों के साथ हो रही लूट की चिंता नहीं हैं। पुस्तक विक्रेता एमआरपी में पुस्तकें बेच रहे हैं। जिससे अभिभावकों से साथ लूट हो रही है। लेकिन प्रशासन कोई भी कार्रवाई या जांच नहीं करा रहा है।



## ग्राम पंचायत पड़मनिया में किया गया तालाब जीर्णोद्धार का कार्य

**विजय मत, शहडोल।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसी कड़ी में आज विकासखंड गोहपारू के ग्राम पंचायत पड़मनिया में जन अभियान परिषद के सीएमसीएल के छात्रों एवं जन सहयोग से तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया तथा आम जन को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश भी दिया गया।

## अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने राखी बाई सिंह को सौंपा अनुकंपा नियुक्ति का आदेश



शहडोल। अतिरिक्त मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने राखी बाई सिंह पिता स्व. श्याम बहादुर सिंह निवासी ग्राम भागा पोस्ट लफदा तहसील गोहपारू जिला शहडोल को जनपद पंचायत गोहपारू की रिक्त ग्राम पंचायत दियापीपर में सचिव के पद पर नियमों के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति का आदेश प्रदान किया।

# ठेका समाप्त होने के बाद भी बस स्टैंड में जारी है बसों से अवैध बसूली

**विजय मत, ब्यौहारी।**

टेंडर समाप्त होने के बाद भी की जा रही बसूली। नगरपरिषद द्वारा वर्ष 2024-25 की बाजार बैठकी, लोडिंग अनलोडिंग और बसस्टैंड पार्किंग का ठेका नगरपरिषद द्वारा किसी पिंटू गुप्ता के नाम जारी हुआ था।जिसका टेंडर 31मार्च से समाप्त हो गया है। लेकिन ठेकेदार के गुर्गे अभी भी बसूली के काम में लगे हुए हैं। इसी बात को लेकर सीएमओ अरुण श्रीवास्तव और अध्यक्ष राजन गुप्ता के बीच जमकर कहासुनी हो गई।



जिसके बाद सीएमओ अरुण श्रीवास्तव नगरपंचायत कार्यालय छोड़कर सीधे भोपाल रवाना हो गए। उनसे मोबाइल पर हुई बातचीत ÷उनका कहना था कि अध्यक्ष अपनी मनमानी करता है। सही बात कहो तो गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाता है। जबरिया गलत काम के लिए दबाव बनाया जाता है। मैं अभी भोपाल आया हूं और इसी तरफ से सीधे छतरपुर चला जाऊंगा। और अब कभी ब्योहारी नहीं आऊंगा।अध्यक्ष ने पहले भी इंजीनियर इंद्रेश यादव के साथ ऐसा ही बर्ताव किया था। मैं अब वहां काम नहीं कर सकता।

सूत्रों की मांने तो 31मार्च के बाद बसूली के टेंडर समाप्त हो जाने के बाद भी उसे जारी रखने को लेकर सीएमओ और परिषद अध्यक्ष के बीच हुई नोंकझोंक।

सबाल यह कि जब 31मार्च से बसूली का ठेका समाप्त हो गया तो अभी तक निरंतर बस स्टैंड में नगरपालिका के नाम पर बसों से पैसों की वसूली फेंटा नामदेव नामक व्यक्ति के द्वारा क्यों की जा रही है? पूर्व में भी इसके द्वारा नगरपरिषद के नाम पर ठेकेदार की बसूली बसों से की जाती थी। जो अभी भी लगातार जारी है।

बस स्टैंड के लोगों की माने तो अज्जू नामक व्यक्ति पुलिस के नाम पर और फेंटा नामक व्यक्ति नगर पालिका के नाम ठेकेदार का पैसा रोज सैकड़ों बसों से बसूलते है।यहां तो यह सब सालों से चल रहा है। लेकिन सरकार के नुमाइंदों को यह नहीं दिखता।

**अव्यवस्था** — बेहतर कनेक्टिविटी के लिए इंदिरा चौक से सड़क चौड़ीकरण कार्य आवश्यक, मरीज एवं लोग हो रहे परेशान

# साल भर के भीतर ही मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग हो गया जर्जर

**विजय मत, शहडोल।**

शासकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग एक बार फिर जर्जर की स्थिति में नजर आ रहा है। एक साल पहले यहां सड़क निर्माण कराया गया था परंतु वह सड़क निर्माण कार्य घटिया स्तर पर होने के कारण उन्हें जगह गढ्ढो की भरमार हो गई है।? बता दे कि शासकीय मेडिकल कॉलेज की दूरी संभागीय मुख्यालय से 3-4 किलोमीटर ही है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए उत्तम सड़क का अभाव है। मौजूदा समय पर बस स्टैंड से कुदरी रोड मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग के रूप में है लेकिन उसकी संकीर्णता और जर्जर हालत बड़ी बाधा बनी हुई है।

**मार्ग के जीर्णोद्धार की लगातार हो रहा मांग**

बता दें कि मरीजों को लेकर चलने वाले एम्बुलेंस और स्टॉफ के वाहन आए दिन हादसे के शिकार होते हैं अथवा समय पर पहुंचने में परेशानी



होती है। इस परेशानी को देखते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग के जीर्णोद्धार की लगातार मांग को देखते हुए गत दिवस प्रवास पर पहुंचे प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा मेडिकल कॉलेज रोड का चौड़ीकरण कर व्यवस्थित मार्ग निर्माण के निर्देश दिए गए।

**इंदिरा चौक से लेकर बस स्टैंड रोड को व्यवस्थित करने की आवश्यकता**

अब इंदिरा चौक से लेकर बस स्टैंड रोड को व्यवस्थित करने की जरूरत महसूस की जा रही है, क्योंकि मेडिकल कॉलेज तक बेहतर कनेक्टिविटी के लिए इस मार्ग का जीर्णोद्धार आवश्यक है। मांग भी की जा रही कि जर्जर बस स्टैंड मार्ग की हालत में सुधार किया जाए। इसका भी निर्माण लगभग डेढ़ वर्ष पहले कराया गया था परंतु यहां भी गड्ढे गड्ढे हो गए हैं। आने वाले बरसात के टाइम में यह गड्ढे भव्य रूप ले लेंगे तथा लोगों को आने जाने में नहीं परेशानियों का सामना करना पड़ेगा परंतु जिम्मेदार अभी भी लापरवाह बने हुए हैं।

**मेडिकल कॉलेज मार्ग को बेहतर एवं व्यवस्थित करने की आवश्यकता**

शहडोल नगर के लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज शहडोल संभाग का सबसे बड़ा चिकित्सा का केंद्र है। परंतु यहां का मार्ग बहुत ही संकीर्ण एवं अवस्थित है, इसे व्यवस्थित करने की आवश्यकता है, जिसे लोगों एवं मरीज को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। यहां का मार्ग की चौड़ाई बहुत ही काम एवं संकीर्ण है, जिससे एक साथ दो गाड़ियों का आना-जाना मुश्किल से हो पता है। जिम्मेदारों को इसमें ध्यान देने की आवश्यकता है।

**साल भर भी नहीं टिका सड़क**

नगरपालिका द्वारा इंदिरा चौक से बस स्टैंड तक रोड मेडिकल कॉलेज के कनेक्टिविटी के लिए सबसे बेहतर मार्क समझा जाता है, जिससे शहर के लोग मेडिकल कॉलेज का आवागमन करते हैं, इस रोड का नवीनीकरण एक साल पहले ही कराया गया था। लेकिन वर्तमान में उसकी हालत जर्जर हो चली है। करीब 8 सौ मीटर की सड़क में दर्जनों जगहों पर गड्ढे हो चुके हैं। डामर उखड़ चुकी है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी हो रही है।

**अतिक्रमण भी बड़ी परेशानी**

विगत वर्ष नगरपालिका द्वारा बस स्टैंड रोड के चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण का कार्य शुरु कराया गया था, लेकिन अतिक्रमण के चलते कार्य बीच में ही रुक गया। बताते हैं कि अतिक्रमण हटाए बिना ही कार्य शुरु करा दिया गया, जिसे बीच में बंद करना पड़ा। नागरिकों की मांग है कि बस स्टैंड तक बेहतर सड़क बनाई जाए।


# आईपीएल में आज मुंबई और लखनऊ के बीच रोमांचक मुकाबले के आसार

**लखनऊ, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जॉइंट्स अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में सुपर जॉइंट्स का लक्ष्य जीत हासिल कर वापसी करना रहेगा। अब तक हुए तीन मैचों में से उसे दो मुकाबलों में हार मिली है। पिछले मैच में उसे पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर भी सभी की नजरें रहेंगी। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी होने बाद भी ऋषभ अभी तक रन नहीं बना पाये हैं। तीन मैचों को मिला भी दें तो भी उनके 30 से कम रन हैं। इस मैच में अगर लखनऊ को जीत दर्ज करनी है तो कप्तान को रन बनाने होंगे। वहीं दूसरी ओर मुम्बई इंडियंस का सफर भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसे भी केवल एक ही मैच में जीत मिली है। मुम्बई के भी अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा का भी बल्ला अब तक खामोश हैं। ऐसे में वह भी इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाने के इरादे से उतरेंगे। इस मैच में उतर रही दोनो ही टीमों की हालत तकरीबन एक ही है। मुंबई को अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने का भी नुकसान हुआ है। बुमराह चोटिल होने के कारण इस आईपीएल सत्र से बाहर हैं।

बुमराह की जगह बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी जिससे मुम्बई को राहत मिली है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर 4 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में केवल चार टी20 मैच खेलने के बाद मुंबई की ओर से आईपीएल में पदार्पण करते हुए अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे स्टार बल्लेबाजों के विकेट लिए थे।

## शाम 7:30 बजे से होगा मैच




### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**-ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आकाश दीप, आकाश सिंह, अवेश खान, आयुष बदोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, अर्शिन कुलकर्णी, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, डेविड मिलर, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, शाहबाज़ अहमद, मणिमारन सिद्धार्थ, शार्दुल ठाकुर, मयंक यादव।

**मुंबई इंडियंस**-हार्दिक पंड्या (कप्तान), अश्वनी कुमार, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रित बुमरा, दीपक चाहर, विल जैक्स, बेवॉन जैकब्स, रॉबिन मिंज, मुजीब उर रहमान, नमन धीर, विग्नेश पुथुर, सत्यनारायण राजू, रयान रिकेलटन, मिशेल सेंटनर, कर्ण शर्मा, रोहित शर्मा, कृष्णन श्रीजीत, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, रीस टॉपले, सूर्यकुमार यादव।

फुटबॉल



मैड्रिड में कोपा डेल रे फुटबॉल में खेलती हुई एटलिटको मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना की टीमें।

## गुजरात के खिलाफ मुकाबले में विफल रहे विराट



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर संकेतों में निशाना साधा है। विराट इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। बल्लेबाजी करते हुए वह 7 ही रन बना पाये। इसके बाद फील्डिंग करते हुए 12वें ओवर में ही चोटिल हो गए। पाटीदार ने कहा कि पावरप्ले में खराब प्रदर्शन से टीम हारी। टिम डेविड और लिविंगस्टन ने 54 रन बनाकर सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया पर इसके बाद खराब फील्डिंग के कारण टीम की गेंदबाजी प्रभावी नहीं रही।

## ईशान को इस बार भी बीसीसीआई अनुबंध मिलने की संभावना नहींः रिपोर्ट

**मुम्बई, एजेंसी**



पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन आजकल आईपीएल खेल रहे हैं। ईशान का इसमें अब तक का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। पहले ही मैच में उन्होंने शतक लगाया था पर बाद के मैचों में वह रन नहीं बना पाये। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड आने समय में केन्द्रीय अनुबंध देने जा रहा है। इसमें इस बार भी ईशान को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ईशान को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण पिछले बार भी अनुबंध नहीं मिला था। ईशान केअलावा श्रेयस अय्यर को भी पिछले साल अनुबंध नहीं मिला था पर इस बार जहां श्रेयस की वापसी तय है, वहीं ईशान को अभी इंतजार करना होगा। श्रेयस ने बीसीसीआई की फटकार के बाद घरेलू क्रिकेट खेल लिया था और इससे उनकी भारतीय टीम में भी वापसी हो गयी थी। अभी श्रेयस आईपीएल में भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं बीसीसीआई अनुबंध सूची अभी जारी नहीं हुई है पर कहा जा रहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को इसमें ए प्लस में ही बनाये रखा जाएगा।

## पिच को लेकर सत्र से पहले ही क्यूरेटर को बताएं फैंचाइजीः बीसीसीआई

■ बीच सत्र में बदलाव संभव नहीं

**मुम्बई, एजेंसी**




भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी फैंचाइजियों से कहा है कि कि वे पिच को लेकर जो भी बातें कहनी हैं वह सत्र से पहले ही क्यूरेटर को बता दे। सत्र के बीच में इस बारे में कुछ न कहें। बोर्ड ने ये बात हाल ही में आये उस बयान के बाद कही है जिसमें लखनऊ सुपरजायंट्स के मुख्य कोच जहीर खान ने कहा था कि पिच घरेलू हालातों के अनुसार नहीं बनी है। जहीर ने यहां तक कहा था कि इस पिच को देखकर ऐसा लगा जैसे पंजाब के किसी क्यूरेटर ने इसे तैयार किया हो। आईपीएल में अभी तक हुए मैचों में सुपरजायंट्स ही नहीं कई अन्य टीमों ने भी पिच पर सवाल उठाये हैं। इन टीमों का कहना था कि उन्हें घरेलू मैदान का लाभ नहीं मिलता दिखा। बोर्ड के बयान से साफ है कि बीसीसीआई आईपीएल मैचों की पिच को लेकर संतुष्ट है और उसे इनसे कोई परेशानी नहीं है। बोर्ड की एक रिपोर्ट में बताया है कि फैंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में पहले से बताये क्योंकि किसी भी प्रकार का बदलाव एक ही सप्ताह में नहीं हो सकता।

## स्टोक्स के चोटिल होने से इंग्लैड टीम को लगा झटका

**लंदन।** इंग्लैड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स चोटिल हो गये है। इससे इंग्लैड की टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि उसे भारत के खिलाफ जून में टेस्ट सीरीज खेलनी है जिसके लिए उसे तैयारी करनी है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की इस चोट के कारण डरहम के काउंटी चैंपियनशिप से बाहर हो गए है है। वह हालांकि हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं। मुख्य कोच रयान कैंपबेल को हालांकि भरोसा है कि वह भारतीय टीम के दौरे तक उबर जाएंगे। स्टोक्स छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड में इंग्लैंड के अंतिम टेस्ट के दौरान भी वह चोटिल हो गए थे, तब से लेकर स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है। एक रिपोर्ट के अनुसार स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हो रही काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। उनके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद डरहम और इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी ब्रायडन कार्से भी नहीं खेलेंगे।

## रोनाल्डो का प्रशंसक होने के कारण उन्हीं के अंदाज में जश्न मनाता हूंः सिराज

**बेंगलुरु, एजेंसी**



आईपीएल के 18 वें सत्र में गुजरात टाइटंस की ओर खेलते हुए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच मिला। इस अवार्ड के मिलने से उत्साहित सिराज ने उसी प्रकार से जश्न मनाया जैसे जीत के बाद पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो मनाया करते हैं। सिराज पहले जहां रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते थे। वहीं इस बार वह गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे हैं। सिराज से जब ये पूछा गया कि वह रोनाल्डो की तरह जश्न क्यों मनाते हैं तो उन्होंने कहा कि वह इस स्टार फुटबॉलर के प्रशंसक हैं। इसी लिए उन्हीं की तरह जश्न मनाते हैं।

सिराज से जब कमेंटेटर और प्रजेंटर मुरली कार्तिक ने पूछा किया उन्हें गुजरात की नीली जर्सी में कैसा लग रहा है। इसपर सिराज ने कहा कि सात साल बाद मैं इस मैदान पर अपनी पुरानी टीम के खिलाफ गेंदबाजी करने उतरा था। इसलिए शुरू में थोड़ा नर्वस था पर बाद में सब सही हो गया।

# बिजनेस

### सोने का भाव 91,200 रुपए, चांदी 98,550 रुपए के करीब

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड, चांदी की चमक पड़ी फीकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से जबाबी शुल्क लगाने के कारण वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की शुरुआत जोरदार तेजी के साथ हुई और सोना सार्वजनिक उच्च स्तर पहुंच गया। हालांकि बाद में चांदी के भाव तेजी से लुढ़क गए और सोने की तेजी भी काफी कम हो गई। घरेलू बाजार में भी गुरुवार को सोना तेजी के साथ खुलने के बाद सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। चांदी की शुरुआत नरमी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव 91,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 98,550 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 502 रुपये की तेजी के साथ 91,230 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 90,728 रुपये था। इस समय यह 558 रुपये की तेजी के साथ 91,286 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 95 रुपये की गिरावट के साथ 99,658 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 99,753 रुपये था। इस समय यह 1,184 रुपये की गिरावट के साथ 98,569 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में चांदी के भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,196.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,166.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 7.30 डॉलर की तेजी के साथ 3,173.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव 3,196.60 डॉलर के भाव पर सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 34.95 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 34.65 डॉलर था। इस समय यह 0.72 डॉलर की गिरावट के साथ 33.92 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




## रुपया 26 पैसे टूटकर 85.78 प्रति डॉलर पर पहुंचा

■ रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर बंद हुआ था

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ की घोषणा के बाद गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 26 पैसे टूटकर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया। ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्कों का मुकाबला करने के लिए करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। उन्होंने भारत पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ट्रंप के जवाबी शुल्क ने बाजार में हलचल मचा दी और निवेशकों ने सुरक्षित पनाहगाह की तलाश शुरू कर दी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.77 पर खुला। फिर लुढ़कर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.06 पर रहा।

## भारत के कृषि निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का कम होगा असरःअर्थशास्त्री

■ भारत इस मुश्किल समय में भी अच्छे रिश्ते बनाए रखने की क्षमता रखता है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कृषि अर्थशास्त्री बताते हैं कि भारत को अमेरिका के नए शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उनके अनुसार भारत इस मुश्किल समय में भी अच्छे रिश्ते बनाए रखने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ सापेक्ष शुल्क वृद्धि को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि अमेरिकी शुल्क का सबसे बड़ा प्रभाव समुद्री खाद्य और चावल के निर्यात पर होगा, लेकिन यह भारत के लिए कुछ मुश्किलें भी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि भारत को उच्च शुल्कों के साथ भी वियतनाम और थाइलैंड के मुकाबले बेहतर स्थिति में रहने का मौका है। चीन पर 34 प्रतिशत और अन्य प्रतिस्पर्धियों पर 30 - 46 प्रतिशत तक के शुल्क हैं, जिससे भारतीय निर्यातकों को यह अंतर दर्जनों लाभ मिल रहा है। यहां तक कि सुरमा के निर्यात के मामले में भी भारत के तुलनात्मक शुल्क लाभ भारत को अच्छे राजनीतिक इकाई में रखता है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत उच्च शुल्क वाले प्रतिस्पर्धियों द्वारा खाली किए गए स्थानों में बाजार हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए, बेहतर नीतियों और अर्थव्यवस्था के साथ कृषि क्षेत्र में नए उद्यमों की आवश्यकता है। भारत को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए भारत को अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्तरदायित्वपूर्ण नीतियों को अमल में लाना होगा।

## मारुति सुजुकी की गाड़ियों के 62,000 तक बढे भाव

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने घोषणा की कि वह 8 अप्रैल से अपनी विभिन्न कारों की कीमतों में 2,500 से 62,000 रुपए तक बढ़ाएगी। कंपनी ने बताया कि यह बढ़ोतरी बढ़ती इनपुट लागत, संचालन खर्च, नियामक बदलाव और फीचर्स के अपग्रेड के कारण की जा रही है। हालांकि, कंपनी लागत को कम करने और ग्राहकों पर कम असर डालने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन बढ़ती लागत का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डालना आवश्यक हो गया है। इन वाहनों के बढ़ सकते हैं भाव- कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रोंक्स की कीमत में 2,500 की बढ़ोतरी, डिजायर टूर एस की कीमत 3,000 बढ़ेगी। एमपीवी एक्सएल6 और एर्टिगा की कीमत 12,500 बढ़ेगी। वेगन आर की कीमत 14,000, ईको वैन की कीमत में 22,500 का इजाफा और एसयूवी ग्रेंडविटारा की कीमत 62,000 तक बढ़ेगी।

## सेंसेक्स 322 अंक गिरकर 76,295 पर बंद निफ्टी 82 अंक फिसलकर 23,250 पर आया

### टीसीएस और एचसीएल टेक के शेयर 4 प्रतिशत टूटे

**मुंबई, एजेंसी**




शेयर बाजार में आज यानी 3 अप्रैल को गिरावट रही। सेंसेक्स 322 अंक की गिरावट के साथ 76,295 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही, ये 23,250 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी रही। आज IT, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। TCS, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर करीब 4प्रतिशत टूटे। वहीं पावर और फार्मा के शेयर में बढ़त रही। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.77प्रतिशत, चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.24प्रतिशत और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.52प्रतिशत की गिरावट रही। 2 अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.56प्रतिशत बढ़कर 42,225 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87प्रतिशत की तेजी रही, जबकि S&P 500 इंडेक्स 0.67प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। 2 अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 1,538 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 2,808 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। अमेरिका ने भारत पर 26प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत के अलावा चीन पर 34प्रतिशत, यूरोपीय यूनियन पर 20प्रतिशत, साउथ कोरिया पर 25प्रतिशत, जापान पर 24प्रतिशत, वियतनाम पर 46प्रतिशत और ताइवान पर 32प्रतिशत टैरिफ लगेगा। फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। यह बिकवाली बाजार में दबाव बढ़ाने का एक प्रमुख कारण हो सकती है, खासकर अगर निवेशक अन्य बाजारों की ओर रुख कर रहे हों।

वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिकी GDP के 2025 की पहली तिमाही में 2.8प्रतिशत तक गिरने के अनुमान से निवेशकों का भरोसा कम हुआ है। इससे स्टॉक मार्केट में अस्थिरता बढ़ रही है। कल यानी 2 अप्रैल को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, ये 23,332 के स्तर पर बंद हुआ था।

## देश के कई शहरों में महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

■ ब्रेंट क्रूड का भाव करीब डेढ़ डॉलर टूटकर 73.22 डॉलर प्रति बैरल हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित दुनिया के करीब 50 देशों पर टैरिफ लगा दिया है। इसका असर वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों पर भी देखा गया और क्रूड के भाव में गिरावट आई है। वहीं सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर इसका उल्टा असर दिख रहा और देश के कई शहरों में गुरुवार को तेल के दाम बढ़ गए हैं। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 26 पैसे महंगा होकर 94.98 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 30 पैसे चढ़ा और 88.13 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 26 पैसे गिरकर 94.39 रुपये और डीजल 30 पैसे टूटकर 87.45 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 22 पैसे बढ़त के साथ 105.58 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 20 पैसे महंगा होकर 92.94 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल में बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब डेढ़ डॉलर टूटकर 73.22 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का रेट भी बड़ी गिरावट के साथ 69.90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कपड़ा शोरूम से 29 लाख 60 हजार से अधिक रकम पार

रायपुर। पंडरी स्थित श्री शिवम शोरूम से अज्ञात चोर ने काउंटर के दराज में रखे नकदी 29 लाख 60 हजार से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय राठी 52 वर्ष महेश कालोनी श्रीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी का पंडरी में श्री शिवम शोरूम नाम से कपड़ा दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर दुकान के अंदर पहले से ही छीपा था। प्रार्थी ने रात में दुकान बंद कर चला गया। जिसके बाद आरोपी ने दुकान के काउंटर में रखे नकदी 29 लाख 60 हजार 774 रुपए निकाल लिया और छत के दरवाजे का कुंदा तोड़कर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बच्चों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, तीन मासूमों को मिला नया जीवन

रायपुर। तालु कटे होने की समस्या से जूंझ रहे तीन बच्चों की मुस्कान देखते ही बन रही थी जब उनका ऑपरेशन सफल हुआ। स्वास्थ्य योजना चिरायु से मानो तीन मासूमों को एक नया जीवन मिल गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में डेढ़ वर्षीय दक्षिका यादव, आठ वर्षीय प्रतिभा निर्मलकर और 6 वर्षीय दुर्गा भट्ट की तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। तीनों बच्चों का चिरायु योजना के अंतर्गत निशुल्क ऑपरेशन किया गया, जिससे उनके चेहरे पर नई मुस्कान आई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी बैहार, प्राथमिक शाला गिधवा और प्राथमिक शाला भिलाई में आयोजित शिविर में इन बच्चों की जांच की गई थी। शुरूआत में उनके परिजन महंगे इलाज और ऑपरेशन को लेकर काफी चिंतित थे। तब चिरायु टीम की काउंसलिंग ने उनकी शंकाओं को दूर करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत उनके बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। सितंबर 2024 में रायपुर के श्री मेडिशाइन अस्पताल में इन तीनों बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस अभियान में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, डीपीएममनीष मेजरवार, चिरायु नोडल डॉ. श्वेता सोनवानी, आरंग बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत और बीपीएम दीपक मिरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाइ।और उनके प्रयासों ने इस ऑपरेशन को संभव और सफल बनाया। चिरायु योजना ने न सिर्फ इन बच्चों के जीवन में सुधार लाया, बल्कि उनके परिवारों को भी एक उम्मीद देते हुए बड़ी राहत पहुंचाई है।

### 11 अप्रैल से मिले सकेगा कंफर्म बर्थ, 8 ट्रेनों में जुड़ेंगे अतिरिक्त कोच

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में अब ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सकेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला लिया है। जोन की 8 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।यह सुविधा 11 अप्रैल से शुरू होगी। दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ा जाएगा। यह सुविधा दुर्ग से 11 अप्रैल और निजामुद्दीन से 12 अप्रैल से उपलब्ध होगी। बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक स्लीपर कोच बढ़ाया जाएगा। यह बिलासपुर से 14 अप्रैल और इतवारी से 15 अप्रैल से शुरू होगा। कोरबा-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस में भी एक अतिरिक्त स्लीपर कोच जुड़ेगा। यह सुविधा दोनों दिशाओं से 14 अप्रैल से मिलेगी।

### मुख्यमंत्री साय ने दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की जयंती पर किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के महान समाजसेवी और दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की जयंती (04 अप्रैल) के अवसर पर उन्हें सादर नमन किया है। उन्होंने कहा कि दाऊ कल्याण सिंह न केवल अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध थे, बल्कि वे एक ऐसे मनीषी थे जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दाऊ कल्याण सिंह ने अस्पताल, पुस्तकालय, कॉलेज और जलाशय जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों हेतु भूमि का दान दिया। उनका यह योगदान शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ, जिससे प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को लाभ मिला।

सदस्यता अभियान, आंदोलन और चुनावों में बेहतर परफॉर्मेंस देने वालों को मिली अहम जिम्मेदारी

# निगम, मंडल, बोर्ड व आयोग की सूची में मोदी का विजन और साय का परफेक्शन

**विजय मत, रायपुर।**

राज्य सरकार की ओर से बुधवार को जारी छत्तीसगढ़ के निगम, मंडल, बोर्ड और आयोग में अध्यक्ष पदों की सूची काफी चर्चा में है। कहा जा रहा है, इस सूची में शामिल नाम के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के परफेक्शन का सटीक तालमेल साफ देखा जा सकता है।जारी सूची को लेकर भारतीय जनता पार्टी सूत्रों का कहना है कि सक्रिय तौर पर संगठन के कामों में शामिल रहे नेताओं को निगम मंडल में तवज्जो दी गई है। संगठन का सदस्यता अभियान, पिछली कांग्रेस सरकार के समय के किए गए आंदोलन में भूमिका, निकाय चुनाव में अलग-अलग जीत दिलाने वालों को पद दिए गए हैं।बताते चलें कि, निगम, मंडल, बोर्ड और आयोग के अध्यक्ष पदों की सूची में राज्य सरकार ने प्रदेश भाजपा के 36 नेताओं को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जैसे पद दिए हैं। इनमें से 15 ओबीसी वर्ग के नेता हैं। सतनामी समुदाय से किसी नेता को जगह नहीं मिली है। इसी तरह सूची में 3 अल्पसंख्यक और 4 आदिवासी नेता भी शामिल हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि सूची में शामिल बड़े निगम, मंडल उन नेताओं को दिए गए हैं, जिन्हें पिछले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।वहीं नियुक्तियों की बात करें तो भूपेंद्र सवन्नी को क्रेडा, संजय श्रीवास्तव को नान, सौरभ सिंह को खनिज विकास निगम और दीपक म्हस्के को सीजीएमएससी की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि केदार गुप्ता को दुग्ध महासंघ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजीव अग्रवाल को छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन का चेयरमेन बनाया गया है। ब्रेवरेज कॉरपोरेशन और फिल्म विकास निगम का फैसला नहीं लिया जा सका है।

**मेहनत रंग लाई**-माना जा रहा है कि संजय श्रीवास्तव, श्रीनिवास राव मद्दी, अमरजीत सिंह छाबड़ा जैसे नेताओं को पार्टी में अलग-अलग कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन की वजह से निगम मंडल में जगह मिली है। निकाय चुनाव और विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने से नाराज रहे कुछ नेताओं को भी एडजस्ट किया गया है।

### इन नामों पर अटकलें

दरअसल, प्रदेश संगठन से लेकर दिल्ली तक मंत्री किसे बनाया जाए, इसे लेकर कई दौर पर चर्चाएं हो चुकी हैं।

नाम करीब-करीब तय हैं, अब घोषणा का इंतजार है। चर्चा है कि प्रदेश की सरकार में नए मंत्री के तौर पर अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत जैसे नेताओं में से किसी को जगह मिल सकती है।

### चुनाव हारने वालों को जिम्मा

रायपुर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नंदकुमार साहू को बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से चुनाव हार चुके साहू को यह पद दिया गया है। राजीव अग्रवाल पार्षद का चुनाव हार चुके हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष बनाया गया है।अनुराग सिंहदेव भी पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। कभी बहुजन समाज पार्टी और फिर कांग्रेस में रहे सौरभ सिंह को खनिज विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। सौरभ, 2023 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस से हार चुके हैं। हालांकि, इन नेताओं को संगठन ने पिछले करीब 5 महीनों से अलग-अलग कार्यक्रमों का प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी भी दी थी।

### अब मंत्रिमंडल में बदलाव की चर्चा

अब-जब निगम मंडल की सूची आ चुकी है तो दूसरी सबसे बड़ी चर्चा मंत्रिमंडल में बदलाव की है। खबर है कि प्रदेश में अमित शाह के दौरे के बाद मंत्रिमंडल में 2 नए मंत्री शपथ ले सकते हैं।सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 5 अप्रैल को दंतेवाड़ा दौरे के बाद प्रदेश में मंत्रिमंडल को लेकर सरकार बड़े फैसले कर सकती है। इस वक्त प्रदेश में 2 मंत्रियों के पद खाली हैं, इन्हें भरा जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ सर्व समाज के दुर्ग संभाग अध्यक्ष बने भानु प्रताप यादव

रायपुर। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के तत्वावधान में पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन



दुर्ग में संगठन का विस्तार करते हुए अनेक महत्वपूर्ण पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया. उक्त बैठक मे सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्षगण अनुरूप साहू,संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, सलाहकार रमेश साहू सहित अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे

उपमुख्यमंत्री ने नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा के कोर इलाके रायगुड़ेम में लगाई जन चौपाल

# नक्सल प्रभावित इलाकों में बाइक पर घूमे डिप्टी सीएम विजय शर्मा

**विजय मत, रायपुर।**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा गुरुवार को एक करोड़ के ईनामी नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा के कोर इलाके रायगुड़ेम पहुंचे।शर्मा ने गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे चर्चा की।



उपमुख्यमंत्री ने रायगुड़ेम तक पहुंचने के लिए नक्सलियों के गढ़ में हेलीपेड से लेकर गांव तक बाइक से सफर तय किया। हालांकि गृहमंत्री शर्मा के आने से पहले इलाके में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस दौरान रायगुड़म में तैनात जवानों सहित बस्तर आईजी सुंदरराज पी. एवं सुकमा एसपी किरण चौहान एवं ग्राम रायगुड़म के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।कोई गृहमंत्री आजादी के बाद पहली बार सुकमा जिले के नक्सलगढ़ रायगुड़म पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर उनके बीच बैठकर चर्चा किया।उपमुख्यमंत्री ने नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा के कोर इलाके रायगुड़ेम में लगाई जन चौपालगौरतलब है कि सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र अंर्तगत घुर नक्सल प्रभावित रायगुड़म वह इलाका है, जहां नक्सलियों ने इसके सभी मार्ग को बंद कर लम्बे समय तक अपने कब्जे में रखा था। ईनामी नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा के कोर इलाका होने से पूरा जगरगुड़ा का इलाका नक्सलियों के कब्जे में था, जहां उनकी इजाजत के बगैर कोई नहीं जा सकता था। 5 अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा आएंगे जहां वे बस्तर पंडुम

# छत्तीसगढ़ और ओडिशा का बहुत पुराना नाता-साय

रायपुर । नुआपाड़ा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को पत्नी कौशल्या साय के साथ ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के दौरे पर रहे। सीएम साय कोमना कृष्णा पब्लिक स्कूल मैदान के अस्थायी हेलीपैड पर विशेष हेलीकॉप्टर से उतरे, जहां नुआपाड़ा कलेक्टर मधुसूदन दास, एसपी जीआर राघवेंद्र रेड्डी, कालाहांडी के पूर्व सांसद बसंत पंडा, मां तारणी वैष्णो देवी मंदिर गुरुजी ने मुख्यमंत्री साय और कौशल्या साय का स्वागत किया।

नुआपाड़ा जिला पहुंचने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने पत्नी कौशल्या साय के साथ कोमना मां तारणी वैष्णोदेवी मंदिर में दर्शन कर किया।

यहां चैत्र नवरात्रि पर माता के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सीएम के साथ रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा भी मौजूद रहे।



### ओडिशा के पत्रकारों से की बात-

कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने ओडिशा के पत्रकारों से बात की। विष्णुदेव साय ने कहा कि वे नवरात्र के दौरान पूज्य मां वैष्णोदेवी के दर्शन कर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा का बहुत पुराना नाता है। छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के लोग रहते हैं और छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में भी ओडिशा के लोग रहते हैं। दोनों राज्यों के लोगों के बीच सदैव अच्छे संबंध रहे हैं।

# वाहन चोर पकड़ाया, चार बाईक बरामद

रायपुर। राजधानी के थाना तेलीबांधा क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चोरी की चार मोटरसायकल जब्त किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बी.एन.एस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकडने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकडने हेतु भी लगाया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना




संकलन करने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी इस संबंध में सूचना एकत्र कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकडने के प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में दिनांक 02.04.25 को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत व्ही.आई.पी. चौक राम मंदिर पास एक व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहन की पतासाजी करते हुए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

# सीजीएमएससी घोटाला केस में कोर्ट ने 5 अधिकारियों को भेजा जेल

**17 अप्रैल तक जेल में रहेंगे सभी आरोपी, 411 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप**

रायपुर। छत्तीसगढ़ सीजीएमएससी में 411 करोड़ घोटाला मामले में ईओडब्लू की रिमांड पर चल रहे 5 अधिकारियों को गुरुवार को रायपुर स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने संत कौशिक (महाप्रबंधक), डॉ. अनिल परसाई (डिप्टी डायरेक्टर, हेल्थ डिपार्टमेंट), शिरौंद्र रावटिया, कमलकांत पाटनवार और दीपक बांधे को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया है। 17 अप्रैल को पांचों आरोपी रायपुर सेंट्रल जेल में रहेंगे।ईओडब्ल्यू ने जांच में पाया है कि अफसरों ने 8



रुपए का ट्यूब 2,352 में और 5 लाख की मशीन 17 लाख में खरीदी थी।बताते चलें कि, सीजीएमएससी घोटाले में अधिकारियों और कारोबारियों ने सरकार को 411 करोड़ रुपए का कर्जदार बना दिया। आईएएस, आईएफएस समेत अफसरों ने मिलीभगत कर सिर्फ 27 दिनों में 750 करोड़ रुपए की खरीदी कर ली।

इस केस में मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा ईओडब्ल्यू की रिमांड पर है।

सीजीएमएससी के अधिकारी, मोक्षित कार्पोरेशन, रिकॉर्ड्स और मेडिकेयर सिस्टम, श्री शारदा इंडस्ट्रीज और सीबी कार्पोरेशन ने 8 रुपए में मिलने वाला ईडीटीए ट्यूब 2,352 रुपए और 5 लाख वाली सीबीएस मशीन 17 लाख में खरीदी। मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने 300 करोड़ रुपए के रीएजेंट भी खरीदा।

# निगम को सेवाएं देकर सेवानिवृत्त जोन 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा सेवाओं हेतु किये गए सम्मानित

**विजय मत, रायपुर।**

नगर पालिक निगम रायपुर को सेवाएं देकर आज सेवानिवृत्त हुए नगर निगम जोन 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा का जोन 6 कार्यालय में निगम को सेवाएं देने पर श्रीफल, शाल, स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान निगम जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा , सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, सहायक अभियंता अंकुर अग्रवाल,उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, राहुल थारानी,अकाउंटेंट भारतेश नेताम, सहायक ग्रेड 02 विमल इंदौरिया, सहायक ग्रेड 03 अम्बे बाघमार,आदिव्य लक्ष्मण



हजारी,अजय शर्मा,महेंद्र कलियारी, उषा सिंदूर,प्रियंका नेताम, सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम,आशीष शर्मा,हीरा निर्मलकर, कैलाश मरकाम, शीतल कोरसिया। जोन 6 के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर किया और सेवानिवृत्त जोन स्वास्थ्य अधिकारीसंजीव शर्मा ने को सुखी, समृद्ध, स्वस्थ, दीघार्यु जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनायें दीं.

**खास-खबर** बस्तर पंडुम की चर्चा देश-विदेश में -केदार कश्यप

# बस्तर की वैभव-गौरवशाली संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहुँचाने की पहल : उप मुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा बस्तर की समृद्ध जनजातीय कला एवं संस्कृति के धरोहर को पुनर्जीवित कर इसे देश और वैश्विक पटल पर रखने सहित स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों को अमिट पहचान और समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम 2025 यथा बस्तर का उत्सव का भव्य संभागीय स्तरीय कार्यक्रम आयोजन दंतेवाड़ा के हाईस्कूल मैदान में किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने बस्तर पंडुम के संभागीय स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर बस्तर की वैभव-गौरवशाली संस्कृति को सहेजने और संवारने सहित वैश्विक पटल पर पहुंचाने के लिए सरकार ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिससे बस्तर की संस्कृति, परंपरा को दुनिया के लोगों को



जानने-समझने का अवसर मिलेगा। बस्तर अद्भुत सांस्कृतिक परम्परा, रीति रिवाज और जनजातीय व्यंजन से समृद्ध है, इस पावन धरा में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। इस क्षेत्र में मेरा जन्म ना होने से यहाँ की संस्कृति और अनेक स्वादिष्ट व्यंजन से मैं वंचित रहा हूँ पर आज इस कार्यक्रम में मुझे बस्तर की सभी स्वाद का अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने बस्तर में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सार्थक प्रयास करने की बात कही । इस समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संदेश देने में हमारी परंपरा, रीति -रिवाज की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी संबोधित किया। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी ।कार्यक्रम के शुरूआत में दोनों मंत्रियों ने प्रदर्शनी में लगे जनजातीय कला स्टॉल का अवलोकन कर प्रदर्शनी में लगे जनजातीय संस्कृति के वाद्य यंत्र का वादन किया और स्थानीय एवं जनजातीय व्यंजन का स्वाद लेकर सराहना किए। इस अवसर पर विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी., संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री मयंक चतुवेर्दी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम 2025 के अन्तर्गत सात विधाएं शामिल की गई है। जिसमें संभाग के सातों जिलों के विजेताओं के मध्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, हुलकीपाटा, परब सहित लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत-चौतपरब, लेजा, जगारगीत, धनकुल, हुलकी पाटा (रीति-रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि) जनजातीय नाट्य श्रेणी में भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेशभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषय-वस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997